दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 166 जयपुर, रविवार, 26 मई, 2024 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष- तृतीया, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



VIVEKANANDA GLOBAL UNIVERSITY, JAIPUR

NAAC GRADE A+ ACCREDITED UNIVERSITY

ICAR ACCREDITED

MULTIDISCIPLINARY STUDENT CENTRIC UNIVERSITY

Achievements of academic session 23-24

1826 PLACEMENT OFFERS
43 LAC HIGHEST PACKAGE
8 CRORE SEED FUND DISBURSED
1846 SCI | SCOPUS PUBLICATIONS

76 STUDENTS CLEARED GATE, CAT, ACCA, NET
346 STUDENTS PARTICIPATED IN AIU
16 MINOR DEGREES, 24 SPECIALISATION
109 STARTUPS, 28 CLUBS



RANKED 50th PRIVATE MULTIDISCIPLINARY UNIVERSITY ACROSS INDIA BY CAREERS360

CENTRE FOR DESIGN EXCELLENCE — Vivekananda Global University, Jaipur

GCEC Global Centre for Entrepreneurship and Commerce — VIVEKANANDA GLOBAL UNIVERSITY

CDOE CENTRE FOR DISTANCE AND ONLINE EDUCATION — Vivekananda Global University

acic VGU JAIPUR

RATED AAA BEST ENGINEERING SCHOOL 2024 BY CAREERS360

## OFFERING REGULAR UG, PG & Ph.D PROGRAMS IN SESSION 24-25

**APPLIED SCIENCES**
- B.Sc.
  FORENSIC SCIENCE, (P)- IT, CBZ, PCM
- M.Sc.
  ZOOLOGY, PHYSICS, MATHS, CHEMISTRY, BOTANY, FORENSIC SCIENCE/ CYBER FORENSIC

**MANAGEMENT**
- BBA
- B.Sc. (INTEGRATED PROGRAM) + MBA
- MBA

**JOURNALISM**
- BJMC
- MJMC

**DESIGN**
- B.DES
  FASHION & TEXTILE DESIGN, UX & COMMUNICATION DESIGN, INTERIOR & PRODUCT DESIGN.
- M.DES
  UX

**LAW**
- BBA+LLB (INTEGRATED)
- BA+LLB (INTEGRATED)
- LLB
- LLM

**AGRICULTURE**
- B.Sc. (Hons.)
  AGRICULTURE
  M.SC.
  (AGRONOMY)

**HOSPITALITY**
- BHMCT
- MHM

**ENGINEERING**
- B.TECH
  MECHANICAL
  ELECTRICAL
  CIVIL
  COMPUTER SCIENCE
  CLOUD COMPUTING
  ARTIFICIAL INTELLIGENCE
  AI & DATA SCIENCE
  IOT & CYBER SECURITY
- M.TECH

**ARCHITECTURE**
- B. ARCH
- M.PLAN
  URBAN & REGIONAL PLANNING

**HUMANITIES**
- BA
  PUBLIC POLICY& DEVELOPMENT, STUDIES INTERNATIONAL RELATIONS, ENGLISH, PSYCHOLOGY, GEOGRAPHY, POLITICAL SCIENCE
- MA
  INTERNATIONAL RELATIONS PSYCHOLOGY GEOGRAPHY, POLITICAL SCIENCE, ENGLISH

**MEDICAL SCIENCES**
- BPT
- B.Sc.
  (OPERATION THEATRE TECHNOLOGY, RADIOLOGY AND IMAGING TECHNOLOGY, MEDICAL LABORATORY TECHNOLOGY, OPTOMETRY)
- MOT
- MPT
- M.Sc.

**PHARMACEUTICAL SCIENCES**
- B.PHARMA
- B.PHARMA (LEEP)
- D.PHARMA

**COMPUTER APPLICATIONS**
- BCA
  (ARTIFICIAL INTELLIGENCE & DATA SCIENCE, CLOUD COMPUTING & FULL STACK
- MCA
  (ARTIFICIAL INTELLIGENCE & DATA SCIENCE, CLOUD COMPUTING & FULL STACK

**COMMERCE**
- B.COM
  (BANKING & FINANCE)
- B.COM
  (INTERNATIONAL FINANCE-ACCA)
- B.COM
  (ENTREPRENEURSHIP)

Ph.D IN ALL RELEVANT SUBJECTS

## OFFERING ONLINE & DISTANCE PROGRAMS IN SESSION 24-25

- BBA
- BCA
- BA
- MA
- MBA
- M.SC(MATHS)
- MCA

ONLINE : +91 95493 60555 | REGULAR : +91 98284 96112 | DISTANCE : +91 80948 23926

1800-3131-415 www.vgu.ac.in admission@vgu.ac.in

VGU Campus, Sector 36, NRI Colony Rd, Jagatpura, Jaipur, Rajasthan 303012

SHAKUN

## जरूरी खबर

### समन्वय स्थापित कर बढ़ाएं शोधित जल विक्रय



**जयपुर।** स्वायत्त शासन विभाग के सभागार में शनिवार को आयोजित समीक्षा बैठक में स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत ने कहा कि स्वायत्त शासन विभाग के अधिकारी एवं अभियंता प्रदेश के निर्माणाधीन संयंत्रों का नियमित परीवीक्षण कर साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट निदेशालय को भेजें। उन्होंने प्रदेश में शोधित जल के विक्रय को बढ़ाने के लिएऔद्योगिक इकाईयों से समन्वय स्थापित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में स्वायत्त शासन, नगर निगम ग्रेटर व हैरिटेज के आयुक्त सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सरकारी पानी बेचने वाले चालकों पर FIR दर्ज

**जयपुर।** जयपुर शहर के करधनी एवं ब्रह्मपुरी क्षेत्र में सरकारी टैंकर से पानी बेचने की शिकायत प्राप्त होने पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा चार ड्राइवरों के विरुद्ध करधनी थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई है।जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता जयपुर (द्वितीय) अमिताभ शर्मा ने बताया कि विभाग को निःशुल्क टैंकर की एवज में पैसे की मांग करने की शिकायत प्राप्त हो रही थी। जिस पर अधीक्षण अभियंता (उत्तर) के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि संबंधित टैंकर ड्राइवर लक्ष्मण, नारायण शर्मा, वीरेंद्र गुर्जर एवं हिम्मत सिंह के विरुद्ध करधनी थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई है।

### नायब तहसीलदारों की नियुक्ति के आदेश जारी




**जयपुर।** राजस्व मंडल अजमेर ने प्रदेश में 111 नायब तहसीलदारों की नियुक्ति के आदेश शनिवार को जारी कर दिए। राजस्व मंडल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह के निर्देशानुसार राजस्थान राज्य अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2021 के परिणाम के आधार पर 111 को 2 वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी के रूप में नायब तहसीलदार के पद पर नियुक्त किया गया है। राजस्व मंडल निबंधक महावीर प्रसाद ने बताया कि आरआरटीआई में 6 माह का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इन दौरान विभागीय परीक्षा भी उत्तीर्ण करनी होगी। प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थी 27 मई को सुबह 9:30 बजे से आरआरटीआई अजमेर में अपनी उपस्थिति देंगे। इसी दिन उनका कार्यग्रहण होगा।

---

**वीसी पर बैठक में मुख्य सचिव ने योजनाओं व सेवाओं को आसानी से आमजन तक पहुंचाने पर दिया जोर**

# श्रेष्ठ प्रबंधन से बिजली-पानी की निर्बाध आपूर्ति पर फोकस

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि बिजली, पानी, चिकित्सा आमजन से जुड़ी महत्वपूर्ण सेवाएं हैं। जिला कलेक्टर यह सुनिश्चित करें कि बेहतर प्रबंधन और गहन मॉनिटरिंग से गांव ढाणी तक ये सेवाएं प्रभावी रूप से पहुंचे।

मुख्य सचिव शनिवार को शासन सचिवालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बिजली, पानी सहित अन्य महत्वपूर्ण विभागों को लेकर जिला कलेक्टरों के साथ समीक्षा कर रहे थे। मुख्य सचिव ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को फील्ड में रहकर जन समस्याओं का प्रभावी निराकरण करने के



निर्देश दिए। उन्होंने जिला कलेक्टरों से कहा कि संसाधनों का बेहतरीन प्रबंधन करें और अत्यधिक गर्मी के इस सीजन में नागरिकों को बिजली और पानी की समुचित आपूर्ति और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के माकूल इंतजाम कर राहत पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि व्यवस्थाएँ न केवल नागरिकों के लिए, बल्कि पशुओं और पक्षियों के लिए भी उचित प्रबंध करे, ताकि वे इस अत्यधिक गर्मी में जीवित रह सकें। मुख्य सचिव द्वारा राजकाज की ई-फाइल प्रणाली पर संभागीय आयुक्त एवं जिला कलक्टर कार्यालयों की पत्रावलियों के औसत निस्तारण समय का रिव्यू किया गया। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव वन अपर्णा अरोड़ा, प्रमुख शासन सचिव राजस्व विभाग दिनेश कुमार सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, उद्योग, राजस्व एवं पीएचईडी के उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

### रात्रि चौपाल के साथ अधिकारी रात्रि विश्राम भी करें

आमजन की जनसुनवाई के लिए चल रहे रात्रि चौपाल कार्यक्रमों को लेकर मुख्य सचिव ने कहा कि इसका का मकसद अधिक से अधिक आमजन की समस्या को हल करना है। रात्रि चौपाल कार्यक्रमों की अधिक से अधिक उत्पादकता और प्रभावशीलता की प्राथमिकता होनी चाहिए। समस्त अधिकारी रात्रि चौपाल के महत्व को समझें। रात्रि चौपाल पश्चात वही रात्रि विश्राम किया जावें ताकि अधिक से अधिक लोगों की समस्याओं को जान सकें। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने राजस्व विभाग के ऑटो म्युटेशन सिस्टम के लम्बित प्रकरणों के बारे में भी जाना। साथ ही म्युटेशन प्रंणाली से सम्बंधित समस्यायों और कमियों को लेकर अधिकारी आपसी समन्वय से सुधार लायें जिससे आमजन को सहूलियत मिले और विभाग के कार्य में पारदर्शिता और शीघ्रता आए।

### अवैध खनन करने वालों पर करें कड़ी कार्रवाई

बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि गैर कानूनी माइनिंग करने वाले असामाजिक तत्व के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने मानसून सीजन में प्रदेश में सघन पौधारोपण की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की आगामी मानसून में वर्षा जल के अधिक से अधिक संचयन के लिए मनरेगा के माध्यम से जल संरचनाओं जैसे चेक डैम, पॉन्ड आदि के निर्माण को गति दें। राजस्व विभाग के कोर्ट में लम्बित मामलों को लेकर मुख्य सचिव ने कहा कि लंबित प्रकरणों को जल्द निपटाया जाये जिससे कार्यप्रणाली में अधिक कुशलता आये। मुख्य सचिव द्वारा नामान्तरकरण, भूमि रूपान्तरण एवं राजस्व न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

---

**प्रदेश सरकार की ओर से आरक्षण रिव्यू का फैसला**

# प्रदेश में मुस्लिम आरक्षण को लेकर रार... गरमाई सियायत

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश की भजनलाल सरकार चुनाव लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद मुस्लिम आरक्षण में बदलाव कर सकती है। सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी में शामिल मुस्लिम जातियों का आरक्षण खत्म कर सकती है। दरअसल, राजस्थान में ओबीसी में शामिल मुस्लिम जातियों के आरक्षण पर संकट मंडरा रहा है। कलकत्ता हाईकोर्ट के पश्चिम बंगाल में मुस्लिम जातियों का अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण रद्द करने के बाद राजस्थान में भी मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा भड़क गया है।

प्रदेश में 14 मुस्लिम जातियां ओबीसी आरक्षण का लाभ ले रही हैं। इसे लेकर प्रदेश के सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने एक बयान जारी करके कहा है कि प्रदेश में सरकार इन जातियों के आरक्षण की समीक्षा कराएगी। फिलहाल, प्रदेश में 14 मुस्लिम जातियों को ओबीसी में आरक्षण दिया जा रहा है, जिनको कांग्रेस के समय शामिल किया गया। भाजपा की पिछली सरकारों के समय इनकी समीक्षा नहीं होने के लिए मैं जिम्मेदार नहीं हूं। धर्म के आधार पर यह आरक्षण संविधान के विरुद्ध है। इस बारे में उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर समीक्षा कराई जाएगी, जिसके बाद कार्रवाई होगी। राजस्थान में ओबीसी में 91 जाति-वर्ग शामिल हैं, जिनको आरक्षण का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश में ओबीसी आरक्षण में मुस्लिम जातियां भी हैं, जिनमें मिरासी, मणिहारों से लेकर काठात, मेहरात, मांगणियार और सिंधी मुसलमान तक विभिन्न जातियां शामिल हैं। कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति के तहत मुस्लिम जातियों को ओबीसी का आरक्षण दिया। बाबा साहब अंबेडकर ने संविधान में प्रावधान किया था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता। कांग्रेस ने 1997 से लेकर 2013 के बीच 14 मुस्लिम जातियों को ओबीसी में शामिल कर दिया है। इसका रिव्यू करेंगे।



### विशेष कमेटी की रिपोर्ट पर दिया था आरक्षण: जुबैरी

एआईएमआईएम के प्रदेश महासचिव काशिफ जुबैरी ने कहा कि मुस्लिम समाज की इन 14 जातियों को सरकार के स्तर पर विशेष कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर ही आरक्षण दिया गया था, क्योंकि मुस्लिम समाज की यह जातियां पिछले लंबे वक्त से बहुत ज्यादा पिछड़ी हुई हैं। ऐसे में राजस्थान सरकार सिर्फ एक समुदाय विशेष को टारगेट करने की कोशिश कर रही है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार के फैसले को लेकर हम प्रदेश भर में सड़कों पर विरोध करेंगे। अगर तब भी सरकार नहीं मानी, तो कोर्ट में कानूनी लड़ाई लड़ेंगे, लेकिन हमारा हक और अधिकार नहीं छीनने देंगे। जुबैरी ने कहा कि अगर सरकार को समीक्षा ही करनी है तो उन्हें अपने घोषणा पत्र की समीक्षा करनी चाहिए, जिसमें उन्होंने जनता को 24 घंटे बिजली देने का वादा किया था, लेकिन यह वादा आज पूरा नहीं हो रहा है। सरकार को बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के वादे पर ध्यान देना चाहिए। बीजेपी बेवजह मुस्लिमों को परेशान करना चाहती है।

### ओबीसी में शामिल ये मुस्लिम जातियां

नगारची-दमामी (मुस्लिम), राणा (मुस्लिम), बायती (बारोट मुस्लिम), सिंधी मुसलमान, सिपाही (मुस्लिम), फकीर (कब्रिस्तान में काम करने वाले), धोबी (मुस्लिम), मेव, कायमखानी, नागौरी, भिश्ती, मांगणियार, लखेरा, मिरासी, काठात, मेहरात, चीता, घोडात, बिसायती।

### आरक्षण रिव्यू के फैसले को लेकर विरोध शुरू



इधर, प्रदेश में मुस्लिम समाज की 14 जातियों के आरक्षण के रिव्यू के फैसले को लेकर विरोध शुरू हो गया है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (AIMIM) राजस्थान इकाई के पदाधिकारियों ने सरकार के फैसले को सिर्फ एक समुदाय को टारगेट करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने फैसले को वापस नहीं लिया तो AIMIM के कार्यकर्त्ता प्रदेशभर में बीजेपी सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरकर विरोध करेंगे। इसके साथ ही जरूरत पड़ने पर हम हमारे हक के लिए कोर्ट में भी लड़ाई लड़ेंगे। AIMIM के प्रदेश महासचिव काशिफ जुबैरी ने कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार आरक्षण का रिव्यू करने जा रही है। मुस्लिम समाज को जो आरक्षण मिला हुआ है, वह पूरी तरह वाजिब है।

---

**2022 में AEN ने दर्ज करवाया था मामला**

# मारपीट मामले में पूर्व विधायक मलिंगा के खिलाफ सुनवाई पर रोक



**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान हाईकोर्ट ने बिजली विभाग के एईएन से मारपीट के मामले में पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा के खिलाफ निचली अदालत में चल रही सुनवाई पर अंतरिम रोक लगा दी है। वहीं अदालत ने मामले की स्टेटस रिपोर्ट तलब करते हुए मलिंगा समेत अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया।

जस्टिस अनुप कुमार ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश पीड़ित हर्षाधिपति की ओर से दायर आपराधिक याचिका पर सुनवाई में दिए। याचिका में कहा गया कि उसने बाड़ी के तत्कालीन विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने अब मामले में आरोप पत्र पेश कर दिया है और मामले की सुनवाई धौलपुर की निचली अदालत कर रही है। याचिका में कहा गया कि मलिंगा प्रभावशाली व्यक्ति हैं। मामले में जमानत मिलने के बाद उसने गवाहों को भी धमकाया था। ऐसे में मामले की सुनवाई धौलपुर के स्थान पर जयपुर शिफ्ट की जाए। इस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने मलिंगा सहित अन्य को नोटिस जारी करते हुए मामले की स्टेटस रिपोर्ट तलब की है और निचली अदालत में चल रही सुनवाई पर अंतरिम रोक लगा दी है। दरअसल याचिकाकर्ता ने 29 मार्च, 2022 को बाड़ी थाने में स्थानीय विधायक मलिंगा और उसके समर्थकों के खिलाफ याचिकाकर्ता पर हमला और मारपीट करने सहित एससी-एसटी एक्ट का मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में कहा गया कि विभाग के ऑफिस में मीटिंग के दौरान मलिंगा और उसके समर्थकों ने उसके साथ गंभीर मारपीट की। जिससे वह गंभीर घायल हो गया।

---

**कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने प्रदेश सरकार पर साधा निशाना**

# CM और मंत्री चुनाव प्रचार में मस्त गहराया बिजली-पानी का संकट

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच राजनेताओं के बयानों में गर्मी देखी जा सकती है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रदेश में बिजली और पेयजल संकट के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार बताया है। साथ ही सीएम और मंत्रियों पर निशाना साधा है।

डोटासरा ने एक बयान जारी कर कहा कि प्रदेश सरकार भीषण गर्मी के बावजूद प्रदेश वासियों को बिजली और पीने का पानी उपलब्ध नहीं करवा पा रही है। सरकार की नाकामी के चलते प्रदेश की जनता बिजली कटौती और पेयजल संकट से जूझ रही है। मुख्यमंत्री इस संकट को दूर करने की जगह दूसरे प्रदेशों में जाकर चुनाव प्रचार करने में व्यस्त है। डोटासरा ने आगे कहा कि बीजेपी के विधायक, नेता और मंत्री पत्र लिखकर अपने क्षेत्रों में पानी और बिजली की सप्लाई ठीक से करवाने की मांग मुख्यमंत्री से कर रहे हैं। इसके बावजूद मुख्यमंत्री, जलदाय मंत्री और ऊर्जा मंत्री किसी प्रकार का कोई निर्णय और समाधान खोजते हुए नजर नहीं आ रहे हैं।

### सरकार की अनदेखी से बना बिजली संकट

डोटासरा ने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में लोग मीलों चलकर पीने का पानी ला रहे हैं। शहरवासी भारी पैसा खर्च कर पानी के टैंकर खरीद कर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। सरकार की अनदेखी के कारण प्रदेश में भीषण बिजली संकट पैदा हो गया है। जयपुर में दो से चार घंटे की अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। बिजली के अभाव में जनता गर्मी से परेशान हो रही है।

---

**6461 जगहों पर औचक निरीक्षण से किया योजना का भौतिक सत्यापन**

# ‘उड़ान’ में अनियमितता पर होगी कार्रवाई

**बेधड़क | जयपुर**

महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव डॉ. मोहन लाल यादव ने कहा है कि उड़ान योजना में अनियमितता पाए जाने पर संबधित कार्मिकों व अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि शनिवार को सभी जिलों के उप निदेशक, सीडीपीओ तथा महिला पर्यवेक्षक व महिला सुपरवाइजर को निर्देशित किया कि राज्य के सभी जिलों में पांच-पांच आंगनबाड़ी केंद्रों का अवलोकन कर उड़ान योजना के अंतर्गत सैनेटरी नेपकिन वितरण व्यवस्था का भौतिक सत्यापन किया जाए। इसके बाद राज्य के आंगनबाड़ी केंद्रों पर 6461 औचक निरीक्षण कर उड़ान योजना के अंतर्गत सैनेटरी नेपकिन वितरण व्यवस्था का भौतिक सत्यापन किया गया। जिसमें समेकित बाल विकास सेवाएं निदेशालय के अतिरिक्त निदेशक पोषाहार के द्वारा पांच, उपनिदेशक आईईसी के द्वारा पांच, जेपीसी-4 के द्वारा पांच तथा जिलों में कार्यरत उपनिदेशकों के द्वारा 185, सीडीपीओ के द्वारा 692, महिला पर्यवेक्षकों के द्वारा 4693 तथा अन्य के द्वारा 47 आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया एवं कुल 5637 आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण भौतिक सत्यापन किया गया है। शासन सचिव ने बताया कि इसी प्रकार महिला अधिकारिता निदेशालय की ओर से भी उपनिदेशको एवं सहायक निदेशकों, संरक्षण अधिकारी व सभी महिला सुपरवाईजर द्वारा जिला स्तर पर विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों व अन्य केन्द्रों का औचक निरिक्षण किया गया। इसमें उपनिदेशको एवं सहायक निदेशकों द्वारा 143 , संरक्षण अधिकारी द्वारा 52 व महिला सुपरवाईजर द्वारा 619 तथा कुल 824 केंद्रों का निरिक्षण किया गया। औचक निरीक्षण में जहां-जहां अनियमितता की रिपोर्ट प्राप्त हुई है वहां सम्बंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता, महिला पर्यवेक्षक अथवा अन्य सम्बंधित अधिकारियों अथवा कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



---

**बैठक में मतगणना की तैयारियों को लेकर चर्चा**

# ट्रेंड-टीवी पर भी जारी होंगे रुझान... चाक चौबंद रहेंगे सभी इंतजाम

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी वीण गुप्ता ने लोकसभा आम चुनावके दौरान राज्य में 25 लोकसभा क्षेत्रों और बागीदौरा विधानसभा उपचुनाव के मतों की गिनती की प्रक्रिया और मतगणना केंद्र की व्यवस्था के बारे में शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

उन्होंने बताया कि जिला मतगणना के पश्चात विजय जुलूस, हर्ष फायरिंग, डीजे वाहन का प्रयोग, वाहन रैली आदि जैसे आयोजनों पर रोक रहेगी। गुप्ता ने बताया कि अधिकृत मीडियाकर्मियों के लिए मतगणना केंद्र पर एक पृथक कक्ष में मीडिया सेंटर पर टेलीफोन, कम्प्यूटर एवं इंटरनेट आदि की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

मीडियाकर्मियों को मतगणना के नवीनतम रूझान एवं परिणाम से अवगत कराने के लिए मीडिया सेंटर में बड़ी एलईडी स्क्रीन पर आयोग की आईटी एप्लिकेशन ट्रेंड-टीवी के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने मतगणना की तैयारियों के विषय में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं भीषण गर्मी को देखते छाया-पानी और कुलिंग की भी सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहेंगी। गुप्ता ने बताया कि सभी 29 मतगणना केन्द्रों पर कूलिंग की समुचित व्यवस्था और पूरे मतगणना स्थल पर बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।




मतगणना कार्मिकों और काउंटिंग एजेंट्स की सुविधा के लिए प्रत्येक मतगणना कक्ष में शीतल पेयजल, मेडिकल किट तथा कूलर की व्यवस्था की जाए। सभी मतगणना केन्द्रों पर मीडिया सेंटर में मीडियाकर्मियों के लिए भी कूलिंग की समुचित व्यवस्था की जाए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभ्यर्थियों एवं राजनीतिक दलों के ओर से नामित मतगणना एजेंट्स की सूचियां 31 मई शाम 5 बजे तक प्राप्त कर लें। संबंधित रिटर्निंग अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एजेंट्स की योग्यता की जांच कर सूचियों को अंतिम रूप दें।

### अफवाहें रोकने के लिए प्रयास

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पुलिस मतगणना के विषय में अफवाहों को प्रभावहीन करने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से सूचनाओं के आदान-प्रदान पर निगरानी रखेगी और किसी भी प्रकार की भ्रामक, आपत्तिजनक पोस्ट पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। मतगणना के दौरान एवं चुनाव के परिणाम घोषित होने के पश्चात कानून व्यवस्था की स्थिति नियंत्रित बनाए रखने के लिए बैरिकेडिंग, पुलिस बंदोबस्त, पार्किंग व्यवस्था आदि के लिए उचित प्रबंध जिला निर्वाचन अधिकारी के स्तर पर सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि जिला मजिस्ट्रेट द्वारा धारा 144 दंड प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों के अनुसार मतगणना के पश्चात विजय जुलूस, हर्ष फायरिंग, डीजे वाहन का प्रयोग, वाहन रैली आदि जैसे आयोजनों पर रोक लगाएं।

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी चर्चा

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने लोकसभा आम चुनाव के दौरान राज्य में 25 लोकसभा क्षेत्रों के मतों की गिनती की प्रक्रिया और मतगणना केंद्र की व्यवस्था के बारे में शनिवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की। इस बैठक में आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी), इंडियन नेशनल कांग्रेस और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन विभाग के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। गुप्ता ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों बताया कि प्रदेश में मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने राजनीतिक दलों से अपने-अपने काउंटिंग ऐजेंट्स की सूचियां 31 मई तक संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय में आवश्यक रूप से देने को कहा। उन्होंने एजेंट्स की योग्यता तथा मतगणना प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना के दौरान कानून-व्यवस्था की पूर्ण पालना होगी। रिटर्निंग अधिकारी किसी भी राजनीतिक व्यक्ति, मंत्री या वरिष्ठ अधिकारी से निर्देश प्राप्त नहीं करेंगे और न ही किसी तरह का पक्षपात करेंगे। मतगणना हॉल में यदि आरओ को किसी व्यक्ति पर संदेह है, तो वह उसकी तलाशी ले सकता है।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 166    जयपुर, रविवार, 26 मई, 2024 I ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष- तृतीया, विसं 2081    पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00




# राजकोट के गेमिंग जोन में लगी आग, 25 मौतें

## ■ करीब 40 लोग और कई बच्चे आग... तीन आरोपी पकड़े

## ■ मृतकों में महिलाएं और बच्चे शामिल, बढ़ सकता है मौतों का आंकड़ा

### आग के कारणों को तलाशने में जुटी टीमें

**बेधड़क** | जयपुर

गुजरात के राजकोट में आगजनी की झकझोर देने वाला हादसा हुआ। भीषण गर्मी के बीच राजकोट के टीआरपी मॉल में आग लग गई इसमें 25 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में महिलाएं और कई बच्चे शामिल हैं। अग्निकांड में झुले लोगों को राजकोट सिविल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। आग इतनी विकराल थी कि एक किलोमीटर दूर तक इसका धुआं देखा गया। जानकारी के अनुसार आग मॉल के गेम जोन में लगी। सूचना पर पहुंची दमकल ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि मॉल में आग कहां से लगी? पुलिस के अनुसार सयाजी होटल के पास स्थित टीआरपी मॉल में अचानक आग लगने की घटना सामने आई थी। सूचना में तमाम एजेंसियां तत्काल मौके पर पहुंची थीं। मॉल में जब आग लगी उस वक्त पर गेम जोन में काफी बच्चे मौजूद थे। राजकोट में आग की



इस घटना ने सूरत के तक्षशिला अग्निकांड की काली यादों को ताजा कर दिया है। इसमें 22 स्टूडेंट्स की मौत हो गई थी।

### दो घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

गर्मियों की छुट्टियां होने के कारण काफी संख्या में लोग बच्चों के साथ गेमिंग जोन में थे। आग लगने पर अफरातफरी मच गई। करीब 40 लोग और बच्चे आग और उसके धुएं में फंस गए। सूचना पर पहुंची दमकलों को दो घंटे तक सतत पानी की बौछार करने के बाद आग बुझाने में सफलता मिल पाई। इसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन को आगे बढ़ाया गया। ऐसी आशंका व्यक्त की जा रही है कि कुल मौतों का आंकड़ा बढ़ा सकता है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है गेमिंग जोन को बनाने में लकड़ी का ज्यादा इस्तेमाल किया था। इसलिए आग ज्यादा भड़की और घटना विकराल होती चली गई।

### राज्य के सभी गेम जोन बंद करने का आदेश

गुजरात सरकार ने राज्य के उन सभी गेमजोन को बंद करने का निर्देश दिया है, जिनके पास फायर एनओसी नहीं है।

### गेमिंग जोन का मालिक समेत 3 गिरफ्तार

गुजरात पुलिस ने गेमिंग जोन के मालिक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, टीआरपी गेम जोन के मैनेजर नितिन जैन और गेम जोन के मालिक युवराज सिंह सोलंकी को गिरफ्तार कर लिया है। शुरुआती जांच में पता चला है कि युवराज सिंह सोलंकी के टीआरपी गेमिंग जोन के लिए अग्निशमन विभाग से कोई एनओसी नहीं ली थी। राजकोट शहर के पुलिस आयुक्त राजू भार्गव ने कहा कि घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। टीआरपी गेम जोन के मालिक और प्रबंधक को पुलिस स्टेशन ले जाया गया। फिर इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

> राजकोट में आग की त्रासदी ने हम सभी को दुखी किया है। थोड़ी देर पहले उनके साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत में, गुजरात के मुख्यमंत्री जी ने मुझे प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए चल रहे प्रयासों के बारे में बताया।
>
> **नरेंद्र मोदी, पीएम**

> गुजरात के राजकोट में TRP Game Zone में भीषण अग्नि दुर्घटना में जनहानि की सूचना अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।
>
> **भजनलाल शर्मा, सीएम**

## जरूरी खबर

### लोकसभा चुनाव: 58 सीटों पर 6 बजे तक 59% वोटिंग

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए मतदान हुआ. मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हुआ. इस चरण में छह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 58 सीटों पर मतदान हुए। शाम दिल्ली की 7 सीटों पर 56.04%, उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर 54.04%, बिहार की 8 सीटों पर 55.22%, पश्चिम बंगाल की 8 सीटों पर सर्वाधिक 78.27%, हरियाणा की 10 सीटों पर 59.43%, झारखंड की 4 सीटों पर 63.54%, ओडिशा की 6 सीटों पर 61.71% और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर 53.38% पर वोटिंग हुई। आम चुनाव 2019 के पांचवें चरण में 62.2 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। पांच चरणों में 25 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 428 सीटों पर मतदान हुआ है। -पेज 8 भी देखें

## पंजाब के फरीदकोट में भाजपा के हंस के समर्थन में की जनसभा

# भाजपा पंजाब को उसका गौरव वापस दिलाएगी: सीएम शर्मा

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पंजाब आज भ्रष्टाचार और नशे की जकड़ में है। रेत खनन माफिया, ड्रग माफिया और अपराधी गिरोहों के कारण यहां से उद्योग-धंधे पलायन कर रहे हैं। अन्ना हजारे के आंदोलन से निकलकर आप पार्टी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने की बात कही थी, लेकिन आज चुनाव में भ्रष्टाचारी कांग्रेस और आप पार्टी दिल्ली और पंजाब में अलग-अलग तरह से गठबंधन में मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं।

भ्रष्टाचारियों के इस गठबंधन को जनता पहचानती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीजेपी पंजाब को उसका गौरव वापस दिलाने और नई ऊंचाइयों



पर पहुंचाने का काम करेगी।

शर्मा शनिवार को पंजाब के रामपुराफूल में फरीदकोट लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी हंसराज हंस के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरु गोबिंदसिंह जी के साहिबजादों की शहादत की स्मृति में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने अपने कर कमलों से करतारपुर कॉरिडोर का उद्घाटन करने के साथ ही जलियांवाला बाग स्मारक को फिर से गौरवान्वित करने का काम भी किया है।

### 1984 के सिख दंगों की दिलाई याद

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस और आप जैसी पार्टियां पड़ोसी देशों में प्रताड़ित होकर भारत में शरण लेने वाले सिख भाई-बहनों को नागरिकता देने का विरोध कर रही हैं। कांग्रेस के शासनकाल में 1984 के सिख दंगों के अत्याचार को सभी जानते हैं। 2014 में मोदी जी की सरकार बनने पर उन्होंने एसआईटी बनाई और 300 मामलों को दोबारा खोलकर दोषियों को जेल भेजने की शुरुआत की तथा पहली बार 3,328 पीड़ित परिवारों में से प्रत्येक को 5 लाख रुपए दिए।

### जनता को पीएम मोदी पर पूरा विश्वास

शर्मा ने फरीदकोट से भाजपा प्रत्याशी हंसराज हंस को विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि देश की जनता को मोदी पर पूर्ण विश्वास है, क्योंकि उनके नेतृत्व में 2014 के बाद देश में बड़ा परिवर्तन आया है। इसलिए लोग इस लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को पूर्ण बहुमत से जिताकर मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाएंगे।

## प्रदेश में पारे का उछाल... हाल बेहाल

# राज्य में 50 डिग्री तक चढ़ गया पारा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में गर्मी के तेवर बरकरार है। भीषण गर्मी के चलते प्रदेश में शनिवार को 4 लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अजमेर के किशनगढ़ में गर्मी से दो लोगों की जान चली गई, जबकि 1 की हालत गंभीर है। जालोर और भीलवाड़ा में भी लू की चपेट में आए दो बुजुर्गों ने दम तोड़ दिया। हालांकि जालोर में हुई बुजुर्ग की मौत के मामले में डॉक्टर का कहना है कि उसे बीपी और शुगर की शिकायत थी। भीलवाड़ा में बुजुर्ग की मौत पर मेडिकल ऑफिसर का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद पुष्टि हो पाएगी। इसके साथ राजस्थान में हीटवेव से जान गंवाने वालों की संख्या 18 हो गई है। इधर, शनिवार को नौतपा की शुरुआत के साथ ही



### फलौदी 49 तो बाड़मेर में 48 डिग्री

प्रदेश के रेगिस्तानी इलाके फलौदी व बाड़मेर में इन दिनों गर्मी का भीषण प्रकोप देखने को मिल रहा है। पारा 49 डिग्री के पार पहुंच गया है। शनिवार को फलौदी में 49 व बाड़मेर में 48 डिग्री तापमान रहा। ऐसे में लोगों का दोपहर के समय घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।

प्रदेश के 12 जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। गर्मी से बचाव के लिए सड़कों पर टेंट-कूलर लगाए गए हैं।

## लोकसभा चुनाव 2024: अन्य राज्यों में दिखी राजस्थान की ताकत

# सीएम शर्मा और दोनों डिप्टी सीएम ने बाहरी राज्यों में ली करीब सौ सभाएं

- मुख्यमंत्री ने 45, दिया कुमारी ने 25 व डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने की 22 जनसभाएं
- सीएम ने प्रदेश में की थी 90 सभा, रोड शोज और दर्जनों बैठकें
- जनसभाओं में मारवाड़ी बाहुल्य क्षेत्रों को साधा

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव प्रचार में बाहरी राज्यों में जनसभाओं को संबोधित करने में प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, दोनों उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी व डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कोई कोर कसर नही छोड़ी। लोकसभा चुनावों में भाजपा व पीएम मोदी के 'अब की बार 400 पार' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दूसरे राज्यों में अब तक 45 से ज्यादा जनसभा, रोड शो व सम्मेलन किए हैं। इसके अलावा प्रवासी राजस्थानी व अन्य राज्यों



के मारवाड़ी बाहुल्य इलाकों व लोकसभा सीटों पर प्रवासी सम्मेलनों को संबोधित किया। इसी प्रकार





उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने 25 व डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने 22 जनसभाओं में पार्टी के लिए वोट मांगे।

### इन राज्यों में सीएम शर्मा छाए रहे

सीएम भजनलाल शर्मा अब तक झारखंड, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, ओडिशा और महाराष्ट्र में जमकर प्रचार कर चुके हैं। इन राज्यों में मुख्यमंत्री ने रोड शो, नामांकन सभा, सामाजिक सम्मेलन, जनसभा, प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन, प्रबुद्धजन सम्मेलन, चाय पे चर्चा, समाज अभिनंदन समारोह, प्रवासी संवाद कार्यक्रमों में हिस्सा ले चुके हैं। इसके अलावा जिन राज्यों में प्रवासी राजस्थानियों का उद्योग व व्यापार में वर्चस्व है, वहां पर भाजपा प्रत्याशी भजनलाल शर्मा की डिमांड रही।

### दिया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा ने भी चुनावी रण में भरी हुंकार

लोकसभा के रण में डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने 4 राज्यों में 25 जनसभाएं कर चुकी है। दिया कुमारी ने 4 राज्यों में 25 जनसभा, रैली के जरिए भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार किया। पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने दीया कुमारी ने पुणे, पूर्वी दिल्ली , पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली, हिमाचल और हरियाणा में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी थी। इसी प्रकार डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने अब तक तीन राज्यों में 22 जनसभा और रैली के जरिए भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में वोट मांगा। बैरवा ने 1 मई के बाद से तीन राज्यों में 22 जनसभा और रैली की। इसमें दिल्ली की अलग-अलग लोकसभा में 20 जनसभा और रैली की तो, हरियाणा और पंजाब में एक - एक सभा की।

### स्टार प्रचारक रहे भजनलाल

वहीं, कई राज्यों में भाजपा स्टार प्रचारकों की सूची में भी सीएम भजनलाल का नाम शामिल है। सीएम महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, जम्मू-कश्मीर, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, गुजरात राज्यों में भाजपा के स्टार प्रचारक हैं। भाजपा आलाकमान ने भी सीएम को सबसे ज्यादा कार्यक्रम दिए हैं। सीएम शर्मा ने सबसे ज्यादा सभा व सम्मेलन तेलंगाना व महाराष्ट्र में किए हैं। इसके अलावा सीएम ने प्रदेश में 90 सभा, रोड शो और दर्जनों मीटिंग कर चुके हैं।

## जरूरी खबर

### हरे पेड़ों की अवैध कटाई का ग्रामीणों ने जताया विरोध



**आबूरोड।** उपखंड के मोरथला गांव के श्मशान घाट में पेड़ों की अवैध कटाई के दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि बीते कई दिनों से यहां लगे हरे-भरे पेड़ों को काटा जा रहा है। इस संबंध में पंचायत प्रशासन को कई बार बताने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। पेड़ों की अवैध कटाई से नाराज ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर पेड़ों की कटाई रुकवाने एवं दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग उठाई।

### रुपयों और गहनों से भरा बैग छीन भागे बदमाश

**अलवर।** शहर के एक हॉस्पिटल के पास बदमाश एक व्यक्ति का बैग छीनकर भाग गए। बैग में पांच लाख रुपए और 10 लाख के जेवर रखे थे। जानकारी के अनुसार अकबरपुर के रहने वाले लल्लू यादव (65) अपनी धर्म की बेटी पूनम यादव के साथ अलवर आए थे। पुनम ने बताया कि बाबा अपने परिजनों से परेशान होकर अलग रहते थे। कुछ दिनों पहले जमीन बेची थी। इसके बाद वे अलवर रहना चाहते थे। जमीन का पैसा और जेवर लेकर हम अलवर आ गए। यहां दक्ष हॉस्पिटल के पास बदमाश बैग छीन ले गए। उसने बताया कि बाबा अपने परिवार के लोगों के साथ नहीं रहना चाहते थे। इस कारण वे अलवर आए थे।

### पक्षियों को राहत के लिए परिंडा अभियान शुरू



**भानपुर कलां।** टोडा मीना गांव में समाजसेवी डॉ. विकास जैफ ने पक्षियों के लिए परिंडा लगाकर अभियान की शुरू की। अभियान के तहत टोडा मीना, बिलोद, बासना में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए। डॉ. जैफ ने बताया बढ़ते तापमान से पशु-पक्षियों को दाना-पानी नहीं मिलने से वे तड़पते रहते हैं। इसकी व्यवस्था करना मानव का प्रथम कर्तव्य है। गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडा अभियान की शुरुआत की गई है। इसके तहत जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत व कस्बों में सार्वजनिक स्थानों पर करीब 501 परिंडे लगाए जाएंगे। इस मौके पर जगदीश नारायण केलावत, बनवारी लाल मीणा, हरफूल गुर्जर सहित काफी लोग मौजूद रहे।

---

**नगरीय विकास विभाग की ओर से प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद शुरू होगी प्रक्रिया**

# सिटी ट्रांसपोर्टेशन होगा शुरू, 20 एसी बसों का भेजा प्रस्ताव

**बेधड़क | अलवर**

राष्टीय राजधानी क्षेत्र एनसीआर में शामिल अलवर में सिटी ट्रांसपोर्टेशन शुरू करने की लंबे समय चल रही आ रही मांग जल्द पूरी होने की उम्मीद है। नगर निगम ने शहर में नगरीय यातायात व्यवस्था के लिए 20 एसी बसों का प्रस्ताव नगरीय विकास विभाग को भेजा है।

प्रस्ताव को अनुमति मिलने पर अलवर में भी जयपुर व दिल्ली की तर्ज पर एसी सिटी बसें चलती दिखाई देंगी। ये बसें शहर भर में भ्रमण कर लोगों को सस्ते किराए में एक स्थान से दूसरी जगह पहुंचाएगी। जरूरत होने पर इन एसी बसों को जिले के टूरिस्ट प्वाइंटों पर भी भेजा जा सकेगा। अलवर शहर का विस्तार होने के बावजूद यहां नगरीय यातायात की कमी लंबे समय से लोगों को खल रही है। जिला मुख्यालय होने के कारण लोगों को सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों तक पहुंचने या फिर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए अस्पताल आना जाना होता है, लेकिन शहर में ई-रिक्शा, रिक्शा व टैम्पो की उपलब्धता के अलावा सिटी ट्रांसपोर्टेशन की कोई सुविधा नहीं थी। करीब एक दशक पूर्व शहर में सिटी ट्रांसपोर्टेशन के लिए अलवर वाहनी की सेवा शुरू की गई। इस सेवा का शहरवासियों एवं बाहरी क्षेत्रों से आने वाले लोगों को काफी लाभ मिला था। लेकिन कुछ साल यह सुविधा चलने के बाद बंद हो गई। इस कारण लोगों को एक स्थान से दूसरी जगह पर आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निजी वाहनों में यात्रा करने पर मोटी रकम चुकानी पड़ रही थी। इसी समस्या को देखते हुए परिवहन विभाग एवं नगर निगम ने सिटी ट्रांसपोर्टेशन का प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को भिजवाया है।



### जल्द मंजूर होने की उम्मीद

नगर निगम के आयुक्त बजरंग सिंह ने बताया कि फिलहाल अलवर शहर में सिटी ट्रांसपोर्टेशन एवं टूरिस्ट प्वाइंटों के भ्रमण के लिए 20 एसी बसों के संचालन का प्रस्ताव तैयार कर नगरीय विकास विभाग को भिजवाया है। उम्मीद है कि वहां से इस प्रस्ताव को जल्द मंजूरी मिलेगी। एसी बसें उपलब्ध होने पर इन बसों का अलवर शहर में विभिन्न स्थानों पर संचालन किया जाएगा। जरूरत होने पर इन बसों में से कुछ को टूरिस्ट प्वाइंट पर भेजा जा सकेगा।

### पर्यटन स्थलों को जोड़ा, रूट किए तैयार

जिला परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि टूरिज्म विभाग से मिलकर अलवर जिले के पर्यटक स्थलों को जोड़कर रूट तैयार किए गए हैं। इन रूटों पर पर्यटकों को घुमाने के लिए बसों के संचालन के लिए नगर निगम ने प्रस्ताव तैयार कर डीएलवी को भिजवाया गया है। इन रूटों पर हाफ डे एवं फुल डे टयूर की योजना है। इससे पर्यटकों को सहूलियत मिलेगी।

### पहले थी 50 बसों के संचालन की योजना

अलवर शहर में सिटी ट्रांसपोर्टेशन एवं टूरिस्ट पैलेस पर भ्रमण के लिए 50 बसों के संचालन की योजना थी। फिलहाल नगर निगम ने 20 एसी बसों का प्रस्ताव तैयार कर डीएलवी को भिजवाया है। शहर में यह सुविधा की शुरुआत होती है, तो ई-बस का मुख्य स्टैंड व डिपो बुद्ध विहार में बनना प्रस्तावित है। यहीं से सभी बसों का संचालन किया जाएगा। निगम की ओर से 9 मीटर लंबी बस का प्रस्ताव भेजा गया है। जिसमें एक बस में करीब 32 से 35 सीट उपलब्ध होंगी।

---

**सीकर में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं से बोले तोगड़िया**

# हमें POK चाहिए, हमारे पुरखों पर अत्याचार करने वाले नहीं

**बेधड़क | सीकर**

अन्तरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया ने कहा कि हमें पीओके चाहिए, लेकिन वहां का एक भी मुसलमान मुफ्त में नहीं चाहिए। हिंदुत्व का अर्थ यह नहीं है कि दुनिया का पूरा कचरा भारत में लेकर आओ। हिंदुत्व का अर्थ यह है कि हिंदुत्व के लिए डटकर खड़े रहने वालों की सुरक्षा करो, सम्मान करो। शहर के बजाज रोड पर जैन भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तोगड़िया ने यह बात कही।

साथ ही कार्यकर्ताओं से तोगड़िया ने कहा कि पीओके के लोग भूखे मर रहे हैं। वे मांग करते है कि हमें भारत में जोड़ दो। मेरा मत है कि 1947 में जिन्होंने हिंदुओं पर अत्याचार किया। उस पीओके का एक भी मुस्लिम मुफ्त में भी भारत में नहीं आना चाहिए। तोगड़िया ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक बलराज मधोक पीओके के रहने वाले थे। उनके पुरखों को भूखे मरने वाले मुस्लिमों ने ही भगाया था, इसलिए उन्हें भूखे ही मरने दो। पुरखों पर अत्याचार करने वाले हमें भारत में नहीं चाहिए। बलराज के साथ मेरा भी 30 साल का नाता था। किस परिस्थिति में पीओके से बलराज के पुरखों को मारकर भगाया था। तोगड़िया ने कहा कि हम पीओके पर कब्जा करेंगे और वहां रहने वाले मुस्लिमों को अरबिस्तान भगा देंगे। हिंदू पर अत्याचार करने वालों को हम नहीं खिलाएंगे। भूखे मरते हैं तो मरने दो। उन्होंने कहा कि बंगाल से आए हिंदुओं को नागरिकता तो मिल रही है लेकिन सरकार को उन्हें मुफ्त में रहने के लिए घर देना चाहिए। इसके अलावा उन लोगों की शिक्षा और रोजगार के लिए भी सुविधा दें।




**राम मंदिर के लिए पूरा देश एक होकर लड़ा**

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रवीण भाई तोगड़िया ने कहा कि 500 साल से हमारे पूर्वज राम मंदिर के लिए लड़ रहे थे। शौर्य,पराक्रम और बलिदान हुआ, लेकिन मंदिर अब ही क्यों बना क्योंकि इस बार राम मंदिर के लिए पूरा देश एक होकर लड़ा था। राम मंदिर के लिए राजस्थान का बेटा शरद कोठारी भी बलिदान हुआ। अब अंत में बाबर का ढांचा ढहाकर बाबर की छाती पर हमने मंदिर बना दिया। मंदिर बनाने के लिए बाबरी मस्जिद की चारों ओर की जमीन खरीदना शुरू किया। 89 तक अयोध्या में ढाई एकड़ जमीन हमने खरीद ली। बाबर के ढांचे को पांव रखने तक की जगह नहीं मिली।

### देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू किया जाए

तोगड़िया ने कहा कि जब देश आजाद हुआ तब हम 87 प्रतिशत थे और आज 77 प्रतिशत हो चुके हैं। मुस्लिम 250 प्रतिशत बढ़े जो 6 से 15 प्रतिशत हो गए। ऐसा ही रहा तो हिंदुओं को 77 से 47 होने में 50 साल भी नहीं लगेंगे। सुरक्षित और सम्मान युक्त हिंदू के लिए तीन रास्ते हैं। जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू किया जाए जिससे कि मुसलमान की बढ़ती हुई जनसंख्या रोकी जा सकें। भारत में हर गली और मोहल्ले में हनुमान चालीसा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि सीकर में 200 जगह हनुमान चालीसा होगी और वहां से कोई ऐलान होगा तो 2 से 5 हजार हिंदू आएंगे या नहीं। यदि भारत में एक लाख जगह हनुमान चालीसा होगी तो वहां चार-पांच करोड़ हिंदू आएंगे तो इनकी नानी याद आएगी या नहीं।

---

**पैसों के लालच में अपनों से दगा**

# नकली सोना देकर साढू से धोखाधड़ी, जांच में जुटी पुलिस

**बेधड़क | बांसवाड़ा**

शहर में नकली सोना गिरवी रखकर लाखों का ब्याज वसूलने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़ित पक्ष ने राज तालाब थाने में करीब 26 लाख रुपए की धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कराया है। वहीं, पीड़ित की ओर से दी गई शिकायत में बताया गया कि उसने 15 लाख 80 हजार रुपए नकद दिए थे, जो की ब्याज सहित 26 लाख हो गए हैं। इस मामले में राज तालाब थाना अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। ऐसे में अब जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

थाना अधिकारी ने बताया कि खांदू कॉलोनी निवासी परेश मलावत ने अपने साडू चंद्रेश नायक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस रिपोर्ट में चंद्रेश के जीजा को भी आरोपी बनाया गया है। मलावत ने रिपोर्ट में बताया कि जब भी काम धंधे के लिए नायक को रुपए की जरूरत होती तो वो उनसे पैसे ले जाते थे और फिर बाद में उन पैसों को लौट दिया करते थे। 2016-17 में उन्होंने उनको 15 लाख 80 हजार रुपए दिए थे। इसके बदले आरोपी साडू उनके पास 35 तोला सोना गिरवी रखा था। उसके बाद उसने कभी रुपए वापस नहीं किए।



### जांच में नकली निकला सोना

बीते दो साल से सामाजिक स्तर पर बातचीत भी चल रही थी। उसके बाद भी नायक ने रुपए नहीं लौटाए। कुछ दिन पहले नायक के जीजा विपिन डांगरा ने गोल्ड को बेचकर हिसाब करने की बात कही। ऐसे में वो सोने को उनकी दुकान पर दे आए। दूसरे दिन उन्होंने बताया कि सोना नकली है। इस पर पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दी। इस बीच जब पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया तो वो कोर्ट गए। उधर, कोर्ट ने कार्रवाई के आदेश दिए, जिस पर अब पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

---

**मनरेगा कार्य के दौरान हादसा, एक की हालत गंभीर**

# मिट्टी का टीला ढहने से छह मजदूर दबे, एक की मौत

**बेधड़क | नीम का थाना**

बिहार गांव में मनरेगा कार्य के दौरान शनिवार को एक बड़ा हादसा हो गया। मनरेगा में काम करने के बाद श्रमिक जब आराम कर रहे थे तभी ऊपर से मिट्टी का टीला ढह गया। इसमें 6 से अधिक मजदूर मिट्टी में दब गए।

आस-पास के श्रमिकों को इसकी सूचना लगी तो श्रमिक और वहां मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सूचना पर डाबला थाना अधिकारी महेंद्र कुमार भी पहुंचे और श्रमिकों को निकालने के प्रयास शुरू कराए। कड़ी मशक्कत के बाद सभी श्रमिकों को बाहर निकाल कर जीलो अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहां डॉक्टरों ने शिमली निवासी श्रमिक बुधराम यादव को मृत घोषित कर दिया। वहीं, श्रमिक फूलचंद यादव की हालत गंभीर होने के कारण उसे पाटन रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार पाटन की बिहार ग्राम पंचायत में घाटा वाला बालाजी के पास मनरेगा में जोहड़ खुदाई का कार्य चल रहा था।



---

**वार्ड पार्षद के नेतृत्व में कलेक्टर आवास के बाहर दिया धरना**

# बिजली कटौती से परेशान लोगों का फूटा गुस्सा

**बेधड़क | बीकानेर**

जिले में सूरज आग उगल रहा है, गर्मी के तांडव की वजह से शहर तपने लगा है। शहर में सुबह नौ बजे से चिलचिलाती धूप लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। निरंतर पारा चढ़ने से बीकानेर शहर भट्टी की तरह तप रहा है।

सूर्योदय के साथ शुरू हो रहा तपन का असर अब रात में भी महसूस किया जा सकता है। ऐसे में शहरी और ग्रामीण इलाकों में बार-बार हो रही बिजली कटौती शहरवासियों पर कोढ़ में खाज का काम कर रही है। देर रात को बार-बार हो रही अघोषित बिजली कटौती से नाराज वार्ड-69 के निवासी वार्ड पार्षद अनूप गहलोत के नेतृत्व में जिला कलेक्टर आवास के आगे धरने पर बैठ गए। पार्षद का आरोप है कि कभी रख-रखाव के नाम पर तो कभी लाइन में फाल्ट आने के नाम पर बिजली कटौती की जा रही है। इस भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती से वार्डवासी बेहाल हो रहे हैं। लोगों के अचानक जिला कलेक्टर आवास के आगे इकट्ठा होने की सूचना पर प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कलेक्टर आवास के आगे धरना लगाकर बैठे लोगों से समझाइश करने का प्रयास किया, लेकिन वे बिजली विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाने के लिए अड़ गए।

बाद में बिजली विभाग के अधिकारियों के पहुंचने पर लोगों ने उनको खूब खरी-खोटी सुनाई। इसके बाद इलाके में विद्युत आपूर्ति सुचारू होने पर वार्डवासियों ने जिला कलेक्टर आवास से धरना हटाया।



---

**गर्मी से प्रसूताएं और नवजात बेहाल**

# अस्पताल में पर्याप्त इंतजाम नहीं, घर से ला रहे कूलर-पंखे

**बेधड़क | भरतपुर**

नौतपा शुरू होते ही भरतपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया है। शनिवार को भरतपुर सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। यहां का अधिकतम तापमान 47 डिग्री दर्ज किया गया। इतनी गर्मी में भी संभाग के सबसे बड़े जनाना अस्पताल में बच्चों और प्रसूताओं को गर्मी से राहत देने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं है।

कोई बीमार बच्चे के लिए हाथ पंखा से हवा करता नजर आया तो कई महिलाएं बच्चों को गोद में लेकर कूलर के सामने खड़ी दिखाई दी। जनाना अस्पताल में करीब 250 मरीजों पर 50 कूलरों का भी इंतजाम नहीं है। मजबूरन मरीज अपने घरों से कूलर लाकर मरीजों को गर्मी से राहत पहुंचा रहे हैं। जनाना अस्पताल के प्रसूति वार्ड में कूम्हा निवासी निया नामक प्रसूता भर्ती है। निया की सास ने बताया कि वार्ड में गर्मी से बचाव के लिए न तो पर्याप्त कूलर हैं और ना पंखा।

मजबूरन बाजार से नया कूलर खरीदकर लाए हैं और प्रसूता के बेड के पास लगाया है, तब जाकर प्रसूता को गर्मी से राहत मिली है। इसी तरह संता का नगला निवासी एक प्रसूता की परिजन फूलवती ने बताया कि अपने मरीज के लिए उन्हें घर से कूलर लाकर लगाना पड़ा है। अस्पताल में कूलर की व्यवस्था ही नहीं है।





### चार वार्डों के बीच एक कूलर

जनाना अस्पताल के चार बच्चा वार्डों के बीच की गली में एक कूलर लगाया गया है। वार्डों में पंखा भी लगे हुए हैं, लेकिन इनकी हवा मरीजों के बेड तक नहीं पहुंचती। मजबूरन छोटे छोटे बच्चों को गोद में लेकर माताएं बारी बारी से कूलर के सामने जाकर खड़े होती हैं, ताकि मासूम को गर्मी से राहत मिल सके। शहर की अर्जुन नगर कॉलोनी निवासी संजू और चक एकटा निवासी मीनू ने बताया कि उनके बच्चों को उल्टी दस्त हो गए थे, जिसके चलते उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। वार्ड में पंखा तो है लेकिन वह बहुत धीमा चलता है। वार्ड की गैलरी में एक कूलर लगा है, जिससे बेड तक कूलर की हवा नहीं पहुंचती। ऐसे में बच्चे को गर्मी से बचाने के लिए दिनभर कूलर के सामने गोद में लेकर खड़ा रहना पड़ता है।

### 60 में से 14 कूलर खराब

इस संबंध में जब पीएमओ डॉ नगेन्द्र सिंह से बात की तो उन्होंने बताया कि जनाना अस्पताल में कुल 60 कूलर वर्किंग में हैं। 36 कूलर की मरम्मत की डिमांड आई थी, जिनमें से 22 कूलर सही करा दिए गए हैं। 14 कूलरों को भी जल्द सही करा दिया जाएगा। फिलहाल अस्पताल में कुल 46 कूलर मरीजों के लिए लगाए हुए हैं।

---

**तेज धूप के बाद शाम को बदला मौसम**

# भीषण गर्मी के बीच गिरे राहत के छींटे

**बेधड़क | चाकसू**

इन दिनों प्रचंड धूम ने लोगों को झुलसा दिया है। तेज धूप के चलते लोगों की जीवन-चर्या प्रभावित हो रही है। शनिवार को दिन में जहां 45 डिग्री तापमान ने लोगो को झुलसा दिया।

वहीं शाम को एकाएक मौसम ने करवट ली और तेज हवा के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई। इससे लोगो को राहत मिली। गौरतलब है पिछले एक सप्ताह से उपखण्ड में तेज गर्मी ने लोगो की दिन चर्या ही बदल डाली है। दोपहर के समय बाजार सुने नजर आ रहे हैं। बाजार में कूलर व एसी की मांग बढ़ गई है। हालात ये हो गए हैं कि बाजार से कूलर गायब हो गए हैं। वहीं जिन दुकानों पर कुलर बचे हुए हैं उन दुकानदारों ने दाम बढ़ा दिए हैं। झुलसा देने वाली गर्मी से कई लोग लू की चपेट में आ गए। अस्पताल में उलटी-दस्त व मौसमी बीमारियों की तादाद भी बढ़ गई। ऐसे में शाम को आई तेज आंधी और बूंदाबांदी से जनजीवन प्रभावित हो रहा है।



## जरूरी खबर

### डेरी नाइस ब्रांड का 3480 लीटर घी सीज



**जयपुर।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर चलाये जा रहे चिकित्सा विभाग के अभियान 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' के तहत शनिवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सीकर के पलसाना, झुंझुनूं और रींगस में 3480 लीटर घी डेरी नाइस" ब्रांड का घटिया और अमानक श्रेणी का घी पकड़ा। खाद्य सुरक्षा विभाग आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन और पंकज ओझा अति. आयुक्त के नेतृत्व में विभाग के संयुक्त आयुक्त एस एन धौलपुरिया की अगुवाई में संयुक्त टीम ने पलसाना सीकर में मैसेज बजरंग लाल समरवाल फार्म पर पलसाना बस स्टैंड के पास कार्रवाई करते हुए 3400 लीटर डेरी नाइस ब्रांड का घटिया और अमानक श्रेणी का घी पकड़ा। साथ ही झुंझुनू और रींगस में भी इसी ब्रांड का अमानक घटिया घी लगभग 80 लीटर सीज किया। इस प्रकार लगभग 3480 लीटर घी जप्त किया गया है।

### चौथी मंजिल से गिरकर महिला की मौत

**जयपुर।** चौथी मंजिल से गिरकर महिला की मौत हो गई। आरोप है कि मारपीट करने पर पति से बचने के लिए पत्नी छत पर भागी थी। पति ने चौथी मंजिल से पत्नी को धक्का देकर नीचे फेंक दिया। रामगंज थाना पुलिस ने हत्या और दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसएचओ रामगंज उदय सिंह यादव ने बताया- मृतका शिवानी (28) आगरा उत्तर प्रदेश की रहने वाली थीं। 9 साल पहले उसकी शादी हंसराज जाटव निवासी रैगरों की कोठी रामगंज से हुई थी। दोनों के 5 साल का बेटा भी है। 23 मई की रात करीब 11 बजे शिवानी चौथी मंजिल स्थित मकान से नीचे गिर गई। डॉक्टर्स ने रात करीब 2 बजे शिवानी को मृत घोषित कर दिया। मृतका शिवानी की मां फूलवती ने रामगंज थाने में दहेज प्रताड़ना और हत्या की रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

**सड़क हादसे में हो गए थे घायल, परिवार ने लिवर-किडनी की डोनेट**

# ब्रेन डेड तेजस उपेंद्र तीन व्यक्तियों को दे गया नई जिंदगी

**बेधड़क | जयपुर**

ब्रेन डेड हुआ व्यक्ति तीन लोगों को नई जिंदगी दे गया। शहर के प्रताप नगर स्थित नारायणा हॉस्पिटल में शनिवार को राज्य का 59वां अंगदान किया गया। ब्रेन डेड व्यक्ति का लिवर और दोनों किडनी 3 मरीजों को डोनेट की गई, जो एसएमएस हॉस्पिटल और नारायणा हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों को लगाई गई। एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी ने बताया कि 44 साल के तेजस उपेन्द्र कुमार का 21 मई को एक्सीडेंट हो गया था। इसके बाद उनको इलाज के लिए नारायणा हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। इलाज के दौरान वह ब्रेन डेड हो गए। ब्रेन डेड के बाद डॉक्टरों की टीम ने परिवार को समझाकर अंगदान करने की अपील की तो परिजन तैयार हो गए।



### किडनी नारायणा हॉस्पिटल में लगाई गई

दूसरी किडनी नारायणा हॉस्पिटल में ही ट्रांसप्लांट की गई। यह किडनी नारायणा हॉस्पिटल में भर्ती एक मरीज को दान की गई। बताया गया कि कैडेवर ट्रांसप्लांट (शव प्रत्यारोपण) में एनओसी की जरूरत नहीं होती। इस तरह तेजस उपेन्द्र कुमार के अंगों से तीन मरीजों को नया जीवन मिला।

### एसएमएस भेजा लिवर-किडनी

इसके बाद नारायणा हॉस्पिटल से लिवर और किडनी एसएमएस अस्पताल में भेजा गया। डॉक्टर दीपक माहेश्वरी ने बताया कि एसएमएस हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने एक किडनी और लिवर दो अलग-अलग मरीजों के ट्रांसप्लांट किए। ट्रांसप्लांट करने की यह प्रक्रिया पूरी रात चली। सुबह ऑपरेशन सफल हुआ। किडनी कोटा के रहने वाले व्यक्ति के लगाई गई है। वहीं, लिवर एक महिला मरीज के लगाया गया है।

### हार्ट नहीं आ सका काम

तेजस की दोनों किडनियां और लिवर तो काम आ गए, लेकिन उसका हार्ट किसी के काम नहीं आ सका। डॉक्टरों के अनुसार तेजस को इलाज के दौरान दो बार सीपीआर दिया गया, ताकि उसको बचाया जा सके। ब्रेन डेड होने और सीपीआर करने के बाद हार्ट को ट्रांसप्लांट किया जाना संभव नहीं था। ट्रांसप्लांट के बाद बॉडी परिजनों को सौंप दी गई। डॉक्टरों के मुताबिक एसएमएस में लिवर ट्रांसप्लांट का ये दूसरा केस है।

**अलर्ट जारी करने के बाद भी खामियां मिलीं, कारण बताने को कहा**

# सरकार सख्त: हीटवेव के प्रबंधन में लापरवाही, 12 अफसरों को नोटिस

**बेधड़क | जयपुर**

राज्य सरकार ने हीटवेव प्रबंधन को लेकर लगातार दिशा-निर्देश जारी करने के बावजूद चिकित्सा संस्थानों में समुचित प्रबंध नहीं करने पर सख्त एक्शन लिया है। अस्पतालों में हीटवेव प्रबंधन में खामियों को लेकर चिकित्सा महाविद्यालयों से सम्बद्ध अस्पतालों के 12 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने नाराजगी जताते हुए बताया कि भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार इस बार अत्यधिक गर्मी रहने एवं हीटवेव का अलर्ट राज्य सरकार की ओर से भी जारी किया गया था। इसके क्रम में प्रदेशभर के चिकित्सा संस्थानों को भी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इसके बावजूद भी कुछ चिकित्सा संस्थानों में निर्देशों की पालना नहीं की गई और हीटवेव प्रबंधन को लेकर वहां कमियां पाई गईं। इन अस्पतालों में कूलर, पंखे, एसी, वाटर कूलर सहित अन्य व्यवस्थाएं सुचारू नहीं पाई जाने पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर 3 दिवस में स्पष्टीकरण मांगा गया है।



### इनसे मांगा गया स्पष्टीकरण

सवाई मानसिंह अस्पताल में हीटवेव से बचाव के समुचित प्रबंध नहीं पाए जाने पर अतिरिक्त अधीक्षक एवं चिकित्सा प्रभारी अधिकारी विद्युत एवं यांत्रिकी डॉ. गिरीश चौहान, सहायक अभियंता सिविल मोनिका सैनी व अंजू माथुर, सहायक अभियंता इलेक्ट्रिकल सुनील कुमार मीणा तथा अस्पताल अभियंता रवि प्रकाश चौधरी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी प्रकार सीकर मेडिकल कॉलेज के एसके हॉस्पिटल, अजमेर मेडिकल कॉलेज के जवाहर लाल नेहरू अस्पताल, पाली के बांगड अस्पताल, बीकानेर के जनाना अस्पताल, कोटा के एमबीएस अस्पताल, भरतपुर के जनाना अस्पताल एवं जयपुर के जनाना अस्पताल के अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## प्रदेश में लू-तापघात से अब तक कोई मौत नहीं

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में अब तक हीट स्ट्रोक से एक भी मृत्यु रिपोर्ट नहीं हुई है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा संस्थानों में आने वाले सभी रोगियों को समुचित उपचार उपलब्ध करवाया जा रहा है। साथ ही, अस्पतालों में लू-तापघात से संदिग्ध एवं कन्फर्म्ड मृत्यु की रिपोर्टिंग के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। डेथ ऑडिट कमेटी द्वारा भारत सरकार के प्रोटोकॉल में निर्धारित मानकों के अनुसार जांच के बाद ही हीट स्ट्रोक से होने वाली मौतों की जानकारी उपलब्ध कराई जाती है।

इस प्रोटोकॉल के अनुसार प्रदेश में फिलहाल एक भी मौत हीट स्ट्रोक के कारण रिपोर्ट नहीं हुई है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने शनिवार को मुख्य सचिव द्वारा विभिन्न विभागों के साथ आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में बताया कि प्रदेश में एक मार्च 2024 से 25 मई को प्रातः 10 बजे तक चिकित्सा संस्थानों में आपातकालीन स्थिति में करीब 82 हजार रोगी आए। इनमें से 2243 रोगी हीट स्ट्रोक के थे। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार प्रदेश में अभी तक हीट स्ट्रोक से एक भी मौत प्रमाणित नहीं हुई है। विभाग द्वारा प्रोटोकॉल में निर्धारित मानकों के अनुरूप ही डेथ ऑडिट की जा रही है। कोटा और जयपुर में एक-एक मौत लू-तापघात से संदिग्ध श्रेणी में मानी गई थी, डेथ ऑडिट कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में इन दोनों मौत को भी हीट स्ट्रोक के कारण नहीं होना पाया है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर प्रदेश में हीटवेव प्रबंधन एवं मौसमी बीमारियों को लेकर 27 एवं 28 मई को उच्च स्तरीय बैठक में समीक्षा करेंगे।

**श्रीमाली ब्राह्मण प्रतिभा सम्मान समारोह**

## डॉ. लता महाकवि माघ पुरस्कार से सम्मानित



**बेधड़क | जयपुर**

अखिल भारतवर्षीय श्रीमाली ब्राह्मण समाज संस्था की ओर से महालक्ष्मी पाटोत्सव पर पुष्कर में आयोजित अखिल भारतीय प्रतिभा सम्मान समारोह में डॉ. लता श्रीमाली को संस्कृत और ज्योतिष के क्षेत्र में उल्लेखनीय शोध कार्यों के लिए सर्वोच्च सम्मान महाकवि माघ पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्हें यह पुरस्कार स्वामी निर्मल स्वरुप महाराज, अध्यक्ष विधु शेखर दवे ने प्रदान किया।

डॉ. श्रीमाली को यह पुरस्कार उनके ज्योतिष में जन्मकुंडली के सप्तम भाव वैवाहिक विषय पर पाराशर एवं कृष्णामूर्ति पद्धति पर लगभग 1000 से अधिक जन्मकुंडली पर तुलनात्मक शोघ पर आधारित उनकी पुस्तक कलत्र भाव के लिए दिया गया। अखिल भारतीय स्तर पर ज्योतिष में यह सर्वोच्च सम्मान महाकवि माघ सम्मान प्राप्त करने वाली ये प्रथम महिला ज्योतिषी हैं। राजस्थान विश्वविद्यालय से ज्योतिष में पीएचडी प्राप्त डॉ. लता श्रीमाली के राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्र, पत्रिकाओं में संस्कृत, ज्योतिष, वास्तु आदि से सम्बंधित अनेक लेख, राशिफल प्रकाशित हो चुके हैं।

## SKIT छात्रों ने बनाया प्रोजक्ट



**बेधड़क | जयपुर**

एसकेआईटी कॉलेज में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के अंतिम वर्ष के छात्रों सचिन यादव, संदीप यादव, सरला करवासरा, सत्यानंद कंडेला और सौरभ सहारण ने 'अपशिष्ट सामग्रियों का उपयोग करके बिजली उत्पादन' नामक प्रोजेक्ट बनाया। उन्होंने यह प्रोजक्ट एसोसिएट प्रोफेसर (मेंटर) डॉ. पूजा जैन और डॉ. अंकुश टंडन के नेतृत्व में बनाया। यह एक ऐसी प्रणाली है जो अपशिष्ट पदार्थों को जलाकर बिजली उत्पन्न कर सकती है।

डॉ. टंडन ने यह भी बताया कि निस्पंदन प्रक्रिया का उपयोग करके, हम अपशिष्ट पदार्थों को जलाने से उत्पन्न होने वाली हानिकारक गैसों के उत्सर्जन को भी कम कर सकते हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**'सम्पूर्ण व्यापार समाधान' पर सेमिनार**


## सीए सदस्यों की पेशेवर दक्षता बढ़ाने पर चर्चा

**बेधड़क | जयपुर**

दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की जयपुर ब्रांच की ओर से सदस्यों के लिए सम्पूर्ण व्यापार समाधानः इनकम टैक्स, जीएसटी और कंपनी अधिनियम पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेंट्रल कॉउन्सिल मेंबर सीए प्रकाश शर्मा सेमिनार के मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने बताया कि सेमिनार सीए सदस्यों की पेशेवर दक्षता को बढ़ाने, उनके व्यापारिक निर्णयों को सुदृढ़ करने और उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं देने में सहायक होगी। रीजनल कॉउन्सिल मेंबर सीए अनिल यादव ने कहा कि इस तरह के विषयों पर सीए सदस्यों के लिए ज्ञानवर्धक सेमिनार का आयोजन लगातार होना चाहिए। जयपुर शाखा अध्यक्ष सीए नवीन शर्मा और सचिव सीए विजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि सेमिनार का मुख्य उद्देश्य सीए सदस्यों को नवीनतम कानूनी और कर संशोधनों के बारे में बेहतर जानकारी प्रदान करना है। सेमिनार से सीए सदस्य आयकर अधिनियम में ट्रस्ट पर प्रावधानों, जीएसटी नोटिस में रीसेंट मामले का दायित्व और कंपनी अधिनियम में हुए हालिया परिवर्तनों और उनके अनुपालन की प्रक्रियाओं को गहराई से समझ सकें। सेमिनार का लक्ष्य व्यावहारिक अनुपालन को सरल बनाना, कर और कानूनी नीतियों की व्याख्या करना, और कर बचत एवं योजना बनाने की रणनीतियों पर जोर देना था। प्रथम सत्र के वक्ता सीए नरेश काबरा ने 'चैरिटेबल ट्रस्ट अनवील्डः प्रमुख मुद्दों और अनुसरण किए जाने वाले तत्काल अनुपालनों' पर व्याख्यान दिया। उन्होंने चैरिटेबल ट्रस्ट के गठन, संचालन और प्रबंधन से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की।



### नया मेहमान...



*जयपुर। नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में शनिवार को मादा हिप्पो ने एक बच्चे हिप्पो को जन्म दिया है। अब पार्क में राजा रानी समेत 4 हिप्पो हो गए हैं।*

**फोटोः पंकज शर्मा**

**15 से 24 मई तक लगाया गया था शिविर**

# धार्मिक संस्कारों में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान पाने वालों का सम्मान

**बेधड़क | जयपुर**

दिगम्बर जैन महासमिति सांगानेर संभाग और प्रताप नगर सेक्टर 3 के संयुक्त तत्वाधान में संभाग स्तरीय पुरस्कार एव सम्मान समारोह आयोजित हुआ। 15 से 24 मई तक राजस्थान अंचल, समस्त संभाग एवं महिला अंचल के संयुक्त तत्वावधान में संचालित धार्मिक संस्कार शिविर में प्रतापनगर सेक्टर 3 में छह कक्षाएं संचालित हुई। परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कार वितरण किए गए। सांगानेर संभाग के अध्यक्ष कैलाश चंद जैन मलैया ने बताया कि महासमिति के राष्ट्रीय महामंत्री सुरेन्द्र कुमार पाण्डया, राजस्थान अंचल के अध्यक्ष अनिल कुमार जैन, महासचिव महावीर बाकलीवाल, कार्याध्यक्ष डॉ. णमोकार जैन, उपाध्यक्ष डॉ. मोहन लाल मणि, कोषाध्यक्ष, रमेश चंद्र जैन, मंत्री महावीर चांदवाड, संभाग के परामर्शक प्रेमचंद बड़जात्या, सांगानेर संभाग कार्याध्यक्ष डॉ. भाग चंद जैन, महामंत्री डॉ.अरविन्द कुमार जैन आदि की उपस्थिति रही।





**मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ से करेंगे भेंट**

## श्रीफल भेंट करने के लिए दल रवाना

**बेधड़क | जयपुर**

आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के जयपुर में चातुर्मास करने के लिए निवेदन करने के लिए 51 सदस्यीय दल खजुराहो के लिए रवाना हुआ। दल में राजस्थान जैन सभा जयपुर के मंत्री विनोद जैन कोटखावदा, राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन समिति मंत्री राजेन्द्र सेठी, दिगम्बर जैन महासमिति मानसरोवर सम्भाग महामंत्री सोभाग मल जैन, वरुण पथ दिगम्बर जैन मंदिर अध्यक्ष एम पी जैन, मांग्यावास पूर्व अध्यक्ष जय प्रकाश जैन, मैत्री समूह पदाधिकारी इन्द्र कुमार जैन, चूलगिरी मण्डल के विजय सोगानी, नरेन्द्र जैन, समाजश्रेष्ठी पदम चन्द बिलाला, आदिनाथ महिला जागृति समिति की मंत्री रश्मि सांगानेरिया, एडवोकेट अभिषेक सांघी, शांति काला, राजेन्द्र जैन सहित दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन आदि मौजूद हैं। सभी श्रद्धालुओं को श्री धर्म जागृति संस्थान प्रदेश अध्यक्ष पदम चन्द बिलाला, संजय बड़जात्या कामां, जम्बू सोगानी, अशोक सेठी, अरुण जैन, लोकेश जैन, पंकज लुहाड़िया आदि ने माला पहनाकर रवाना किया।






**पंकज ओझा**
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी


**शाश्वत सनातन**

*धरती पर जिन 52 स्थानों पर देवी सती के श्रीअंग गिरे, वहीं पर 52 शक्तिपीठों की स्थापना हुई। कामाख्या देवी मंदिर उन 52 शक्तिपीठों में से एक है। यह आसाम राज्य की राजधानी गुवाहाटी में स्थित है। यहां पर माता सती की योनि गिरी थी, जिससे एक मूर्ति की उत्पत्ति हुई। माता की यह प्रतिमा हर वर्ष रजस्वला होती हैं और उस समय इस मंदिर समेत गुवाहाटी के सभी मंदिर एवं शुभ कार्य बंद हो जाते हैं।*

### आसाम की राजधानी गुवाहाटी में स्थित है शक्तिपीठ जहां गिरे थे देवी सती के श्रीअंग

# कामाख्या मंदिर जहां आज भी देवी की प्रतिमा होती है रजस्वला

पौराणिक कथाओं के अनुसार, जब देवी सती ने यज्ञ में अपने प्राणों की आहुति दे दी थी, तब भगवान शिव ने माता सती का जला हुआ शरीर लेकर पूरे संसार में भ्रमण किया, जिसके कारण उनका क्रोध बढ़ता ही जा रहा था। तब स्थिति को संभालने के लिए श्रीहरि ने अपने सुदर्शन चक्र से माता के पार्थिव के अंग काटना शुरू किया और धरती पर जिन 52 स्थानों पर देवी सती के श्रीअंग गिरे, वहीं पर 52 शक्तिपीठों की स्थापना हुई। हर वर्ष जब माता रजस्वला होती हैं, तब यहां अम्बुवाची मेले का आयोजन होता है।

उन दिनों माता भगवती के मंदिर के द्वार स्वतः ही बंद हो जाते हैं, यह तीन दिन चलता है। उन तीन दिनों समस्त गुवाहाटी में ना तो कोई मंगल कार्य होता है, नाही कोई मंदिर खुलता है। इसके बाद चौथे दिन कामाख्या देवी की मूर्ति को स्नान कराकर, वैदिक अनुष्ठान आदि करके मंदिर को जन-मानस के दर्शन के लिए पुनः खोल दिया जाता है। यह मंदिर अपने आप में एक अनोखा है। सम्पूर्ण जगत में ऐसा चमत्कार और ऐसी पूजा पद्धति कहीं और देखने को नहीं मिलती।



### उन दिनों नदी में स्नान करना भी वर्जित

अम्बुवाची मेले के दौरान यहां बहुत ही अनोखा और चामत्कारिक प्रसाद भक्तों को मिलता है, जो है लाल रंग का गीला वस्त्र। बताया जाता है कि देवी के रजस्वला होने से पूर्व माता कामाख्या की प्रतिमा के आसपास सूखा सफेद कपड़ा बिछा दिया जाता है, लेकिन तीन दिन बाद जब कपाट खोले जाते हैं, तब यह वस्त्र माता की रज के कारण रक्त जैसे लाल हो जाते हैं। इस दिव्य प्रसादी वस्त्र को अम्बुवाची वस्त्र कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस वस्त्र को धारण करके शक्ति की उपासना करने से सिद्धी सुलभता से प्राप्त हो जाती है। लालहर वर्ष इस मेले के दौरान, पास ही में बह रही ब्रह्मपुत्र नदी का जल भी लाल रंग का हो जाता है, जो कि कामाख्या देवी के रजस्वला को दर्शाता है, इन दिनों इस नदी में स्नान करना भी वर्जित माना जाता है।

### मंदिर की विशेषताएं

मनोकामना पूरी करने के लिए यहां कन्या पूजन व भंडारा कराया जाता है। इसके साथ ही यहां पर पशुओं की बलि दी जाती ही है, लेकिन यहां मादा जानवरों की बलि नहीं दी जाती है। काली और त्रिपुर सुंदरी देवी के बाद कामाख्या माता तांत्रिकों की सबसे महत्वपूर्ण देवी है। कामाख्या देवी की पूजा भगवान शिव के नववधू के रूप में की जाती है, जो कि मुक्ति को स्वीकार करती है और सभी इच्छाएं पूर्ण करती है। मंदिर परिसर में जो भी भक्त अपनी मुराद लेकर आता है उसकी हर मुराद पूरी होती है। इस मंदिर के साथ लगे एक मंदिर में आपको मां का मूर्ति विराजित मिलेगी। जिसे कामादेव मंदिर कहा जाता है। माना जाता है कि यहां के तांत्रिक बुरी शक्तियों को दूर करने में भी समर्थ होते हैं। हालांकि, वह अपनी शक्तियों का इस्तेमाल काफी सोच-विचार कर करते हैं। कामाख्या के तांत्रिक और साधू चमत्कार करने में सक्षम होते हैं। कई लोग विवाह, बच्चे, धन और दूसरी इच्छाओं की पूर्ति के लिए कामाख्या की तीर्थयात्रा पर जाते हैं।



कामाख्या मंदिर तीन हिस्सों में बना हुआ है। पहला हिस्सा सबसे बड़ा है इसमें हर व्यक्ति को नहीं जाने दिया जाता, वहीं दूसरे हिस्से में माता के दर्शन होते हैं जहां एक पत्थर से हर वक्त पानी निकलता रहता है। माना जाता है कि महीने के तीन दिन माता को रजस्वला होता है। इन तीन दिनों तक मंदिर के पट बंद रहते हैं। तीन दिन बाद दुबारा बड़े ही धूमधाम से मंदिर के पट खोले जाते है। इस जगह को तंत्र साधना के लिए सबसे महत्वपूर्ण जगह मानी जाती है। यहां पर साधु और अघोरियों का तांता लगा रहता है। यहां पर अधिक मात्रा में काला जादू भी किया जाता है। अगर कोई व्यक्ति काला जादू से ग्रसित है तो मान्यता है कि यहां आने से वह इस समस्या से निजात पा जाता है।






**कविता**

## बचपन






**सुनील कुमार महला**
उत्तराखंड


बचपन बड़ा मदमस्त होता है,
हर फिक्र और चिंता से मुक्त होता है
बचपन, सच के साथ चलता है
झूठ हर वक्त हाथ ही मलता है।
बारिश में, मिट्टी के घरौंदे होते हैं,
चांद, तारे-सूरज बच्चों के खिलौने होते हैं
द्वेष, गिले-शिकवे न मन में होते हैं
बिंदास, सपने भी मजेदार होते हैं।
नटखट हरकतें, प्यारी मुस्कान
दिलों को जीत ले,
बच्चे दिल के सच्चे,
ध्यान सभी का खींच लें
मासूम शक्लें, भानकर खतरे को,
आंखों को मींच लें
बचपन का दौर सुहाना,
आओ यादों को हम सींच लें।
बचपन मासूम होता है
गुस्सा पल में जहां दफन होता है
चोर-सिपाही, राजा-रानी,
कहानियों का जहां होता है
चांद पर चरखा कातती बूढ़ी अम्मा,
बचपन का समां भी क्या समां होता है
इक पल हंसता, इक पल रोता
धूल- मिट्टी में बचपन जवां होता है।
रूठने-मनाने का दौर,
पंछियों और हवाओं का शोर,
बचपन बादलों से सिर ढंकता है
हर घर अपना है,
हाथी को बोतल में बंद करना
बचपन का सपना है।
मौज-मस्ती, हो-हल्ला,
जीवन बुलबुला है
बचपन, बचपन है आखिर,
बचपन चुलबुला है।

**शब्दों की सीख**

# मम्मी वाली बात...




**डोली शाह**
हैलाकंदी, असम


आज ज्यों ही अशोक ने सोशल मीडिया में 12वीं के नतीजे की सूचना देखी उसके मुख से जोर की ध्वनि निकली...मां !

अगले कमरे से आशंकाओं का ढेर लिए रीता की अवाज आई... क्या हुआ?

-मां ,यह देखो ना!

-क्या?

-कल 9:00 बजे मेरे परिणाम घोषित हो जाएंगे।

-किस चीज के?

-अरे 12वीं के मां! मुझे बहुत डर लग रहा है।

रीता सांत्वना देते हुए बोली- बेटा डरते नहीं। इतने में पिता नरेश वहां पहुंच गए। बोले- क्या हुआ? रीता ने बताया- कल अशोक के परिणाम घोषित हो जाएंगे, इसलिए डर रहा है।

नरेश ने जोर से धमकाते हुए कहा- पढ़ा नहीं था तुमने पूरे साल क्या? क्यों अब फेल होने से डर लग रहा है? याद रखना अच्छे नंबर नहीं आए तो पड़ोस की कॉलेज में भर दूंगा। फिर वहीं पढ़ना और चाय बागान की पहरेदारी करना। नरेश कहे जा रहे थे और अशोक मुख पर चुप्पी साधे बैठा रहा।

रीता ने सांत्वना के स्वर में कहा- अरे बेटा डरो मत। मैं हूं ना साथ तुम्हारे साथ। कुछ बुरा नहीं होगा। पता है ना, मेहनत करने वालों को कभी हार नहीं होती। तुमने तो पूरे वर्ष इतनी मेहनत की है, फिर क्या।

रीता ने गंभीर स्वर में कहा-मत सोचो, सब कुछ अच्छा ही होगा।

-मां सुना नहीं आपने, पापा कैसे बोल रहे हैं। मुझे बहुत डर लग रहा है मां, सच्ची।

-कुछ मत सोचो, चलो 10:00 बजने वाले हैं भोजन कर लो।

-मां मुझे भूख नहीं है, अशोक ने झट उत्तर दिया। मैं वॉशरूम जा रहा हूं।

-ओके जाओ। मां ने कहा।

कुछ वक्त बाद रीता ने दोबारा उसे भोजन करने को कहा, लेकिन वह इनकार करता गया और वाशरुम का सिलसिला करीब दसों बार चलता रहा। यह देख रीता का दिल बैठा जा रहा था। एक तरफ अशोक के परिणाम का डर तो दूसरी तरफ उसकी तबीयत की चिंता सता रही थी।

अशोक की रात खुली आंखों में ही गुजर गई। रीता सांत्वना देती रही। सुबह के 9:00 बजने ही वाले थे। अशोक ने डरते-डरते अपने नंबर वेबसाइट पर डाले और जो रिजल्ट आया वो बांछें खिला देने वाला था। वह पास हो गया था। वह खुशी से चिल्लाया-पापा!... और उनकी ओर दौड़ पड़ा। रीता वही खड़ी निहारती रही। वह सब कुछ सुन खुश तो बहुत हुई, लेकिन गुमसुम सी वह रसोई की ओर आगे बढ़ गई। रीता ने बड़ा तिरस्कार का अनुभव किया।

करीब आधे घंटे बाद नरेश बोले- तुम्हारी मां दिखाई नहीं दे रही।

हां पापा, अभी देखता हूं। मैं तो भूल ही गया। मां-मां जोर से पुकारता हुआ वह रसोई में घुसा तो देखा मां गुमसुम सी अपने कामों को निपटा रही थी।

-मां- मां।

-हां बेटा बोलो।

-मां मेरे चार विषयों में डिस्टिंक्शन आया है।

-अरे वाह बेटा। रीता ने उसका मुंह मीठा कराया।

इतने में अशोक ने पलट कर कहा-मां मिठाई से काम नहीं चलने वाला, मुझे तो एंड्राइड मोबाइल चाहिए।

-आज मेरी तरफ से डिनर, रीता ने हंस कर कहा।

संध्या होते ही तीनों सैर सपाटे के लिए निकल पड़े। रात्रि को भोजनालय पहुंचे। खाना आने में देर थी। बातों-बातों में रीता ने व्यंग्य कसा- कल तक जब परिणाम नहीं आया था तब तक तो तुम मुझे पुकार रहे थे, लेकिन परिणाम घोषित होने के बाद घंटो तक मेरी कोई खबर ही नहीं। अब मोबाइल तो तुम्हारे पापा ही दिलाएंगे, क्योंकि परिणाम भी तूने उन्हें ही पहले बताया था।

-मां मोबाइल तो छोड़ ही दीजिए, आपने यह जो सोच रखा है ऐसी कोई बात नहीं। एक्चुअली मुझे पापा से ज्यादा डर था, इसलिए जब मैंने देखा तो पहले उनके पास दौड़ गया। ...और मां आप तो जानती हो मेरे सिर्फ एक बार संशय जताने पर ही पापा ने क्या कहा था। मैं बहुत डर गया था। उसी वक्त से मेरा दिल बैठ जा रहा था। मेरे अंदर बहुत डर समा गया था और आज जब 90% देखा तो मैं खुद को रोक न पाया और दौड़ा-भागा पापा के पास पहुंचा। उनसे बातों में लग गया। मां मैं तो जानता हूं कि कम भी आएंगे तब भी आप तो मेरे साथ रहेंगी।

रीता ने प्यार से कान उमेठते हुए कहा- वो तो ठीक है बेटा, मगर मुझे गलत में कभी अपने साथ नहीं पाओगे और सही रहने पर सारी दुनिया एक तरफ तुम्हारी मां एक तरफ...।

-यह हुई ना मम्मी वाली बात। अशोक ने रीता के हाथ पर ताली मारते हुए कहा।

मां-बेटे के बीच भावनाओं को देख पिता नरेश भी मुस्कुरा उठे और अशोक के पीठ थपथपाते हुए बोल... सचमुच! मां तो मां ही होती है।

**पुस्तक समीक्षा**

## 'उद्भावना' का नेहरू अंक 'गालियां खा के बेमजा न हुआ'

'उद्भावना', हिन्दी साहित्य पर केन्द्रित एक वैचारिक पत्रिका है। अजेय कुमार के संपादन में निकलने वाली इस पत्रिका का जनवरी-मार्च अंक देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू पर केन्द्रित है। लघु पत्रिकाओं के इतिहास में पं. नेहरू पर इतना समृद्ध अंक शायद ही कभी आया हो। अंक को विशेष बनाने के लिए पत्रिका के संपादक ने बड़ी मेहनत की है।

उन्होंने इस विशेषांक को पांच हिस्सों 'दस्तावेज', 'नेहरू के विचारों की दुनिया', 'साहित्य के बारे में नेहरू', 'साहित्यकारों की नजर में नेहरू' और 'नेहरू एवं उनकी विचारधारा पर केन्द्रित आलेख' में बांटा है। और प्रत्येक खंड में विषय से संबंधित पर्याप्त सामग्री है।

'दस्तावेज़' के अंतर्गत पत्रकार राजेन्द्र माथुर, अदीब सज्जाद जहीर, ख्वाजा अहमद अब्बास, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और इतिहासकार रामचंद्र गुहा के दस्तावेजी लेख हैं, जिनसे पं. जवाहरलाल नेहरू का विस्तृत नज़रिया और सोच जाहिर होती है, तो वहीं इन शख्सियत की नजर में देश निर्माण में नेहरू का क्या योगदान है, यह भी मालूम चलता है। नेहरू साहित्यकारों, कलाकारों के बीच बेहद मकबूल थे। विशेषांक की सबसे बड़ी खासियत मुल्क के अहम मुद्दों 'अगर आपस में फूट है, तो आजादी नहीं', 'भारत माता की जय', 'साम्प्रदायिक आदमी का दिमाग कुंद होता है', 'धर्म क्या है?'

'राष्ट्रवाद', 'राष्ट्र-भाषा का प्रश्न', 'प्रेस की स्वतंत्रता' आदि पर नेहरू के खयालात को पाठकों के सामने लाना है। इन मसलों पर खुद नेहरू का क्या सोचना था, उसे पाठकों के बीच लाना है, ताकि नेहरू की सही तस्वीर देशवासियों के बीच पहुंचे।




*पुस्तक : पत्रिका 'उद्भावना' का नेहरू अंक*
*संपादक: अजेय कुमार*
*मूल्य: ₹50/*
*समीक्षक: जाहिद खान शिवपुरी (म.प्र.)*

## हिमाचल प्रदेश में सियासी घमासान तेज, कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर साधा निशाना

# देश को तानाशाही से बचाने के लिए मोदी को सत्ता से दूर करें: खरगे

एजेंसी | शिमला

हिमाचल प्रदेश की चार लोकसभा सीटों के लिए सियासी घमासान के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए शनिवार को कहा कि वह तानाशाह की तरह काम करते हैं और देश की जनता को उनकी तानाशाही से बचना है तो विपक्षी गठबंधन इंडिया को जिताकर उन्हें सत्ता से दूर रखना है। खरगे ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा इंडिया गठबंधन जनता की अधिकारों की सुरक्षा की लड़ाई लड़ रहा है। पीएम मोदी तानाशाही तरीके से शासन कर रहे हैं और उनको सबक सिखाना जरूरी है। मोदी को इस चुनाव में सत्ता से दूर नहीं किया गया तो देश में तानाशाही आ जाएगी। उन्होंने कहा इस चुनाव में इंडिया गठबंधन जीतने वाला है और विपक्षी दलों के गठबंधन की जीत में किसी तरह का कोई भी शक नहीं है। खरगे ने प्रधानमंत्री पर आरोप लगाया कि वह चीन से डरते हैं और कुछ नहीं बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान में जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी जैसे प्रधानमंत्री हुए हैं। जहां एक तरफ इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए थे, वहीं चीन के भारत की जमीन पर कब्जा करने के बाद भी नरेंद्र मोदी चुप हैं। देश की जनता इन्हें सबक सिखाने वाली है।



### सेना को कमजोर करने का आरोप

मोदी पर देश की सीमाओं को ही नहीं बल्कि देश की सेना को भी कमजोर करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा पहले सेना में स्थायी नौकरी मिलती थी, पेंशन और अन्य सुविधाएं मिलती थी लेकिन मोदी ने 'अग्निवीर' योजना लाकर सब कुछ खत्म कर दिया है। कांग्रेस संविधान बचाने और युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए लड़ रही है इसलिए एक जून को हाथ के चिह्न बटन को दबाना है और भारी मतों से कांग्रेस को जितना है। खरगे ने कहा कि साल 1951 में हिमाचल प्रदेश के लोगों को सबसे पहले वोट डालने का अधिकार मिला था। पंडित जवाहरलाल नेहरु की पहली चुनावी सभा 1951 में यहां हुई थी। तब उन्होंने कहा था- हिमाचल के लोग ऐसे प्रत्याशियों को वोट दें जो सामाजिक न्याय को बढ़ाएं। मनुष्य के व्यक्तित्व के गौरव और स्वतंत्रता को आगे ले जाएं।

### पीएम का नाम मिलकर तय करेंगे विपक्षी नेता

इससे पहले पत्रकारों से बातीचत में खरगे ने कहा कि गठबंधन का प्रधानमंत्री कौन होगा, यह सवाल कौन बनेगा करोड़पति जैसा हो गया है। उन्होंने कहा कि गठबंधन की सरकार बनने पर विपक्ष के सभी नेता मिलकर तय करेंगे। उन्होंने कहा कि साल 2004 और साल 2009 में कांग्रेस के सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री बने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया था। खरगे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को हिंदू और मुसलमान में बांटने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नहीं है, बल्कि उनकी विचारधारा के खिलाफ हैं। सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी उनके विचारधारा के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है। खरगे ने जनता से वादा किया कि केंद्र में विपक्षी गठबंधन की सरकार आने पर केंद्र सरकार में खाली पड़े 30 लाख सरकारी पदों को भरा जाएगा। खरगे ने आरोप लगाया कि आपदा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हिमाचल प्रदेश की याद नहीं आई।

### झूठा निकला भाजपा सरकार का वादा: अखिलेश



**गोरखपुर**। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को केंद्र प्रदेश की भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में भाजपा सरकार का हर वादा झूठा निकला है। दिल्ली से लखनऊ तक जनता परेशान है। किसानों की आय दोगुनी हुई नहीं। अलबत्ता उन पर जीएसटी का बोझ, खाद की बोरी से 10 किलो की चोरी और नैनो यूरिया खरीदने के दबाव ने फसल की लागत बढ़ा दी। कर्ज वसूली के लिए किसानों पर दबाव बनाया जा रहा है। जबकि भाजपा नेताओं के मित्र उद्योगपति विदेश भाग चुके हैं। अखिलेश शनिवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया से गोरखपुर से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी काजल निषाद और बांसगांव से कांग्रेस के प्रत्याशी सदल प्रसाद के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

### तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

**पटना**। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहारी, गुजराती से नहीं डरता है। भगवान कृष्ण का जन्म जेल में ही हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाते हुए कहा कि 34 साल के युवा को 75 साल के बुजुर्ग डराने की कोशिश कर रहे हैं। दरअसल प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी चुनावी रैली के दौरान तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा था कि हेलिकॉप्टर से घूमने का समय ज्यों ही पूरा होगा, उनके जेल जाने का रास्ता तय हो जाएगा। तेजस्वी ने पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हार रहे हैं। इसलिए इस तरह के बयान दे रहे हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि यह झारखंड और दिल्ली नहीं है, बिहार है, एक बार हाथ लगाकर तो दिखाओ।

## पीएम मोदी ने बिहार व यूपी में चुनाव रैलियों को किया संबोधित

# वोट बैंक को खुश करने के लिए मुजरा कर रहा है इंडिया गठबंधन

एजेंसी | पटना/ लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के लिए छठे चरण के मतदान के बीच शनिवार को बिहार के पाटलिपुत्र, काराकाट और बक्सर संसदीय क्षेत्रों में अलग-अलग चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में भी चुनाव सभा को संबोधित किया।

पटना में पाटलिपुत्र लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रामकृपाल यादव के समर्थन में चुनाव रैली में उन्होंने कहा कि अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए इंडी गठबंधन(विपक्षी गठबंधन इंडिया) वालों को मुजरा करना है तो करें, ओबीसी, एससी, एसटी का वह हक नहीं मारने देंगे।

उन्होंने अल्पसंख्यक संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पछड़ा वर्ग को आरक्षण से वंचित करने के लिए राजद और कांग्रेस जैसे दलों को जिम्मेदार ठहराया। पीएम मोदी ने कहा, बिहार वह भूमि है जिसने सामाजिक न्याय की लड़ाई को एक नई दिशा दी है। पीएम मोदी ने यह भी आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन उन लोगों के समर्थन पर भरोसा कर रहा है जो वोट जिहाद में लिप्त हैं। साथ ही, उन्होंने कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश का हवाला दिया, जिसमें कई मुस्लिम समूहों को ओबीसी की सूची में शामिल करने के पश्चिम बंगाल सरकार के फैसले को रद्द कर दिया गया है। उन्होंने व्यंग्यात्मक टिप्पणी करते हुए कहा, 'कई लोगों का भगवान राम से इतना झगड़ा है कि वे राम कृपाल के नाम पर भी नाक-भौं सिकोड़ सकते हैं।'




### कांग्रेस ने लुटिया डुबो दी

प्रधानमंत्री मोदी ने काराकाट संसदीय क्षेत्र के अहिरौली में एक चुनावी सभा में दावा किया, 4 जून शाम होते ही राजद वाले कहेंगे, कांग्रेस ने लुटिया डुबो दी। एक-दूसरे के कपड़े फाड़ना शुरू कर देंगे। कांग्रेस का शाही परिवार पराजय का ठीकरा खरगे जी के सिर पर फोड़ करके विदेश में छुट्टियां मनाने चला जाएगा और बेचारे खरगे जी कार्यकर्ताओं का गुस्सा सहते-सहते थक जाएंगे। साथ ही कहा कि 4 जून को लोकसभा चुनाव का रिजल्ट आने के बाद इनका शटर गिरने वाला है।

### एलईडी के युग में वे लालटेन लेकर घूम रहे हैं

नरेंद्र मोदी ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव का नाम लिए बगैर कहा, 'एलईडी बल्ब के युग में वे लालटेन (राजद का चुनाव चिह्न) लेकर घूम रहे हैं, जिससे केवल उनका घर रोशन होता है और पूरे बिहार को अंधेरे में रखा जाता है।' गौरतलब है कि लालू प्रसाद की बड़ी बेटी मीसा भारती लगातार तीसरी बार पाटलिपुत्र से अपनी किस्मत आजमा रही हैं। उन्होंने कहा, भारत को एक ऐसे प्रधानमंत्री की जरूरत है जो विश्व मंच पर भारत की ताकत के साथ न्याय कर सके। लेकिन ऐसा लगता है कि इंडिया गठबंधन शीर्ष पद के साथ म्यूजिकल चेयर खेलने पर आमादा है।

## पीएम के बयान पर विपक्षियों का पलटवार

# मुखिया को कभी आंखों की शर्म नहीं खोनी चाहिए: प्रियंका

एजेंसी | नई दिल्ली



पीएम नरेंद्र मोदी के वोट बैंक को लेकर विपक्षी गठबंधन के मुजरा करने के बयान को लेकर सिसायी पारा गरमा गया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, राजद नेता तेजस्वी यादव समेत कई विपक्षी नेताओं ने इस पर पलटवार किया है। प्रियंका गांधी ने पलटवार करते हुए कहा कि परिवार के मुखिया को कभी आंखों की शर्म नहीं खोनी चाहिए। गोरखपुर में सपा प्रमुख अखिलेश यादव की मौजूदगी में 'इंडिया' गठबंधन की गोरखपुर की उम्मीदवार काजल निषाद और बांसगांव संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार सदल प्रसाद के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा में कहा, 'मोदी जी ने बिहार में भाषण दिया और विपक्ष के नेताओं के लिए ऐसे-ऐसे शब्द बोले जो देश के इतिहास में किसी प्रधानमंत्री ने नहीं बोले होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पद का पूरा देश आदर करता है। हम भी आदर करते हैं। उन्होंने जनता से सवाल करते हुए कहा कि क्या प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी नहीं बनती कि वह पद की गरिमा बनाए रखें, पद की मर्यादा र

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि पीएम मोदी अब थक चुके हैं, बीमार हैं, उन्हें इलाज की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समझ नहीं आ रहा है कि पीएम मोदी की एक बार फिर जुबान फिसली है या... कुछ और बात है। समझ ही नहीं आ रहा है कि क्या कहें। उन्होंने कहा कि शायद उनकी आदत धूप में जाकर प्रचार करने की नहीं है।

### तेजस्वी ने पूछा: गुजरात में मुसलमानों को क्यों दिया गया आरक्षण



पीएम नरेंद्र मोदी पर पलटवार करते हुए राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि गुजरात में 25 मुस्लिम जातियों को आरक्षण मिला हुआ है। मोदी 13 साल तक वहां के मुख्यमंत्री रहे, क्या उन्हें यह बात पता नहीं है। इस पर वे क्यों नहीं बोल रहे हैं। तेजस्वी ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिहार लोकतंत्र की जननी है। यहां के लोगों को काम की बात समझ में आती है। पीएम नरेंद्र मोदी को संविधान का बुनियादी ज्ञान भी नहीं है। प्रधानमंत्री को हमने पांच बार पूरे देश में जातिगत गणना कराने के लिए पत्र लिखा, बिहार का प्रतिनिधमंडल उनसे मिलने गया लेकिन पीएम ने मना कर दिया। पीएम मोदी को अपनी भाषा सुधारनी चाहिए, साथ ही संविधान के बुनियादी ज्ञान को भी समझना चाहिए। तेजस्वी ने प्रधानमंत्री को आरक्षण विरोधी बताते हुए कहा कि ये वही मोदी हैं, जिन्होंने बिहार के 75 फीसदी आरक्षण को खत्म करने का प्रयास किया था। तेजस्वी ने कहा कि जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव के चरण आगे बढ़ रहे हैं, पीएम मोदी की भाषा का स्तर गिरता जा रहा है। ऐसी भाषा उनके विरोधियों को तो छोड़ो, समर्थकों को भी अच्छी नहीं लग रही है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने पीएम मोदी की आलोचना की और पूछा कि क्या उन्हें इस तरह का बयान देना शोभा देता है। राकांपा (एसपी) के नेता क्लाइड क्रैस्टो ने सोशल मीडिया पर उनकी पिछली टिप्पणियों का जिक्र करते हुए पूछा कि प्रधानमंत्री को 'एम' अक्षर से शुरू होने वाले शब्दों के प्रति इतना आकर्षण क्यों है। क्रैस्टो ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "एम' अक्षर से यह कैसा आकर्षण? मुसलमान, मछली, मंगलसूत्र, मटन... अब 'मुजरा'।

# योगी सरकार आने के बाद से दंगे और दंगाई दोनों बंद

एजेंसी | गाजीपुर

उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में आरटीआई मैदान में भाजपा प्रत्याशी पारस नाथ राय के समर्थन में आयोजित जनसभा में पीएम मोदी विपक्ष पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा, पहले की सरकारों में दंगाई खुलेआम घूमते थे, योगी सरकार आने के बाद दंगे और दंगाई दोनों बंद हो गए। उन्होंन कहा कि हमारी सरकार हर गरीब को मुफ्त राशन दे रही है।

कोरोना के इतने बड़े संकट में भी सरकार ने गरीब को भूखे नहीं सोने दिया। गरीब के घर का चूल्हा बुझने नहीं दिया। पीएम ने कहा, काम लटकाने और हक मारने में कांग्रेस को महारथ हासिल है। इन लोगों ने हमारे सेना के वीर जवानों को वन रैंक वन पेंशन तक नहीं मिलने दी। उनकी तपस्या का मखौल उड़ाया। पीएम मोदी ने आगे कहा, परिवारवादी पार्टियों के नेता अपने परिवार के लिए महल पर महल बनाते चलते गए, लेकिन गांव-गरीब किसान, मजदूर, दलित वंचित जीवन की छोटी-छोटी चीजों के लिए जूझते रहे। मोदी ने जो काम किए उनसे गरीब का जीवन बदला। 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।

पीएम मोदी ने कहा, आपके परिवार में जो 70 साल से आयु के बुजुर्ग हैं। उनके लिए बीमारी में इलाज की जिम्मेदारी मोदी उठाएगा।



### सपा सरकार में लालबत्ती में घूमते थे माफिया

सपा पर हमला करते हुए पीएम मोदी ने कहा, सपा के दौर में यूपी का हाल यह था कि माफिया लाल बत्ती में घूमते थे। दंगों को यूपी की पहचान बना दिया गया था। पीएम मोदी ने कहा, वोट और सत्ता के लिए सपा-कांग्रेस वाले कुछ भी कर सकते हैं। अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, सपा के शहजादे कहते थे कि सपा सरकार आई तो माफिया को रोकेंगे। सच तो ये है कि सपा ने माफियाओं को पाला-पोसा और उन्हें ही टिकट दिया।

### वन रैंक, वन पेंशन को किया लागू

पीएम मोदी ने कहा, प्रधानमंत्री बनने के बाद मैंने तुरंत वन रैंक वन पेंशन लागू की। 2013 में भाजपा ने मुझे प्रधानमंत्री पद के रूप में उम्मीदवार के रूप में घोषित किया। हरियाणा की रैली में मैंने कहा था कि मैं वन रैंक वन पेंशन लागू करूंगा। पूर्व सैनिकों के खाते में अब तक सवा लाख करोड़ रुपया जमा करा दिए गए। कांग्रेस ने तो 500 करोड़ का ड्रामा करके पूर्व सैनिकों का अपमान किया था।

**सातवें चरण में 8 राज्यों की 57 सीटों पर पड़ेंगे वोट**

# यूपी- बिहार में शेष सीटों के लिए घमासान तेज, पार्टियों ने झोंकी ताकत

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। शनिवार को छठे चरण के मतदान के बीच अब 7वें और अंतिम चरण में एक जून को होने वाले मतदान के लिए सियासी घमसान तेज हो गया है। भाजपा नीत राजग और विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं ने अंतिम चरण के लिए चुनाव प्रचार तेज कर दिया है और अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। पीएम मोदी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और अखिलश यादव ने उत्तर प्रदेश में तथा राजद नेता तेजस्वी यादव ने बिहार में चुनाव अभियान तेज कर दिया है। इस चरण में 8 राज्यों की शेष 57 सीटों के लिए मतदान होगा। अंतिम चरण में कुल 904 उम्मीदवार मैदान में हैं। पंजाब की सभी 13 सीटों के लिए इसी चरण में मतदान होगा। वहीं उत्तर प्रदेश की 13 और बिहार की आठ सीटों पर भी वोटिंग होगी और इन दोनों राज्यों में मतदान सत्तारूढ़ भाजपा नीत राजग के साथ साथ विपक्षी गठबंधन के लिए भी बहुत अहम है। इस चरण में वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गोरखपुर से भोजपुरी स्टार रवि किशन, हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत, कांग्रेस से विक्रामादित्य सिंह, हमीरपुर से केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और बिहार की पटना साहिब सीट से भाजपा के रविशंकर प्रसाद सहित कई दिग्गज नेता चुनाव मैदान में हैं।



### अंतिम चरण: इन राज्यों में होगा मतदान

बिहार, चंडीगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की शेष सीटों पर चुनाव होगा।

### पिछली बार सपा-बसपा में था गठबंधन, इस बार बदली हुई रणनीति के साथ चुनाव मैदान में है समाजवादी पार्टी

विपक्षी गठबंधन इंडिया के तहत मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। पिछली बार यहां से सपा कोई सीट नहीं जीत सकी और उसे आठ सीटों पर नंबर दो पर रह कर संतोष करना पड़ा। पिछली बार अकेली लड़ी कांग्रेस इस रीजन में एक भी सीट नहीं जीत सकी। इस तरह सपा व कांग्रेस के पास गवाने को कुछ नहीं है, छीनने के लिए पूरा मौका है। इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस महाराजगंज, देवरिया, बासगांव सुरक्षित व वाराणसी सीट सपा के सहयोग से लड़ रही है तो बाकी सीट पर सपा के उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। खास बात यह है कि सपा ने पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार गोरखपुर, कुशीनगर, चंदौली, मिर्जापुर व राबर्टसगंज में प्रत्याशी बदल दिए हैं। दो सीटों गाजीपुर व मिर्जापुर में उसने बसपा व भाजपा से आए मौजूदा सांसदों पर दांव लगाया है। इन 13 सीटों पर हो रहे रण में सपा के नौ प्रत्याशियों में एक दलित, चार ओबीसी, एक मुस्लिम व तीन सवर्ण हैं। इस तरह उसने यहां पीडीए से इतर जाकर सवर्णों पर भी दांव लगाया है। कांग्रेस ने चार में से दो सीटों सवर्णों को टिकट दिया है।

### यूपी: अंतिम चरण की सीट को मथने में जुटे मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में अब सातवें चरण में शामिल 13 लोकसभा सीटों को मथना शुरू कर दिया है। दो दिनों में वे चार रैलियों के जरिए सातवें चरण में शामिल 13 में से आठ लोकसभा सीटों को कवर करेंगे। इसमें सहयोगी दल सुभासपा कोटे की घोसी और अपना दल (एस) को मिली मिर्जापुर और राबर्ट्सगंज सीटें भी शामिल हैं।

### इंडिया गठबंधन: 13 सीटों पर टिकी निगाहें

इंडिया गठबंधन आखिरी दौर की यूपी की 13 सीटों के समीकरण अपने पक्ष में करने की कोशिश में है। यहां से इनकी बड़ी उम्मीदें भी हैं। पहले चरण के मुकाबले अब आखिरी चरण में सपा व कांग्रेस ने इसके लिए आक्रामक अभियान चलाने जा रहा है। दोनों दल किसी किस्म के ध्रुवीकरण को रोकने की कोशिश में लगे रहे हैं, लेकिन अब मुस्लिम आरक्षण के सवाल पर पर संतुलन बनाते हुए अपने प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाना बड़ी चुनौती है।

## जरूरी खबर

### एयर इंडिया के विमान ने 25 घंटे देरी से भरी उड़ान

**मुंबई।** मुंबई से सैन फ्रांसिस्को जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान कई कारणों से अत्यधिक देरी के बाद शनिवार शाम को रवाना हुई। यह उड़ान शुक्रवार को शाम चार बजे होने वाली थी, लेकिन कई कारणों से इसमें 25 घंटे से अधिक की देरी हुई।

एक अधिकारी के अनुसार, विमान को पहले शनिवार सुबह उड़ान भरनी थी, लेकिन आखिरकार यह शाम साढ़े पांच बजे के आसपास सैन फ्रांसिस्को के लिए रवाना हुआ। यात्रियों की संख्या के बारे में जानकारी नहीं मिल सकी है। इससे पहले शुक्रवार को यात्रियों को विमान के अंदर पांच घंटे से अधिक समय तक इंतजार करना पड़ा था। एयरलाइन के एक अधिकारी ने कहा कि पहले तकनीकी खराबी के कारण उड़ान में देरी हुई। इसके बाद कुछ यात्री विमान से उतर गए और बाद में एक यात्री बीमार पड़ गया।

### T20 विश्व कप: भारतीय टीम अमेरिका रवाना

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए भारतीय टीम शनिवार को न्यूयार्क रवाना हुई। भारत को पहला मैच पांच जून को आयरलैंड से और नौ जून को पाकिस्तान से खेलना है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, रवींद्र जड़ेजा, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव और कोचिंग स्टाफ शनिवार को मुंबई एयरपोर्ट पर दिखे। हालांकि विराट कोहली, हार्दिक पांड्या, संजू सैमसन, युजवेंद्र चहल जैसे खिलाड़ी पहले अमेरिका के लिए रवाना होने वाले पहले बैच के साथ नजर नहीं आए। भारतीय टीम के लिए अच्छी खबर ये है कि टी20 टीम में शामिल खिलाड़ियों की आईपीएल टीम मौजूदा सीजन से बाहर हो गई है। ऐसे में सभी खिलाड़ी जल्द ही टीम से जुड़ जाएंगे।

### पुणे कार दुर्घटना मामले में किशोर का दादा गिरफ्तार

**पुणे।** पुणे पुलिस ने यहां कार दुर्घटना में दो लोगों की मौत के मामले में आरोपी 17 वर्षीय किशोर के दादा को गिरफ्तार कर लिया और दावा किया कि किशोर के पिता और दादा ने दुर्घटना की जिम्मेदारी अपने सिर लेने के लिए परिवार के वाहन चालक को पैसों का लालच दिया और धमकी दी। वाहन चालक को अवैध रूप से कैद रखने के लिए किशोर के दादा को गिरफ्तार किया और फिर एक अदालत ने उसे 28 मई तक की पुलिस हिरासत में भेज दिया। 19 मई की दुर्घटना के संबंध में दर्ज एक अन्य मामले में न्यायिक हिरासत में भेजे गए नाबालिग के पिता भी प्राथमिकी में नामजद है।

## लोकतंत्र का राग...बूथ पर पहुंचे राष्ट्रपति सहित आम मतदाता








*नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में शनिवार को छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 58 लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मतदान के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी मतदान किया। अनेक मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की कतार नजर आई। चित्रों में मतदान केंद्रों पर मौजूद राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व अन्य मतदाता।*

### छठे चरण में 58 सीटों पर 59 प्रतिशत तक पड़े वोट

# अनंतनाग-राजौरी सीट पर 28 वर्ष का रिकॉर्ड टूटा, 51.35% मतदान

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में दिल्ली की सभी सात व हरियाणा की सभी 10 सीट सहित छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 58 सीटों के लिए शनिवार को 59 प्रतिशत हुआ। कुछ जगहों पर हिंसा की खबरों के बीच पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा 77.99 फीसदी वोटिंग हुई। जम्मू-कश्मीर की आतंकियों और अलगाववादियों के प्रभाव वाली अनंतनाग-राजौरी सीट पर 28 वर्ष का रिकॉर्ड टूट गया और वहां 51.35 प्रतिशत मतदान होने की खबर है। छठे चरण में राष्ट्रीय राजधानी व हरियाणा के अलावा उत्तर प्रदेश की 14, बिहार और पश्चिम बंगाल की आठ-आठ, ओडिशा की छह, झारखंड की चार और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर मतदान हुआ। इसके अलावा ओडिशा की 42 विधानसभा सीट पर भी मतदान हुआ। दिल्ली में मतदान के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, विदेश मंत्री एस जयशंकर, अरविंद केजरीवाल, सोनिया और राहुल गांधी भी वोट डालने पहुंचे।



**पोलिंग एजेंटों की गिरफ्तारी पर जताया रोष**

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने अपने पोलिंग एजेंटों की गिरफ्तारी पर रोष जताते हुए लगभग तीन घंटे तक बिजबिहाड़ा में पुलिस स्टेशन के बाहर धरना दिया। उनकी बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने अनंतनाग में कुछ मतदान केंद्रों में ईवीएम की धीमी गति का मुद्दा उठाया।

### दांव पर थी दिग्गजों की किस्मत

छठे चरण के चुनाव के दौरान जिन प्रमुख उम्मीदवारों की किस्मत दांव पर थी उनमें संबलपुर (ओडिशा) से केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान (भाजपा), उत्तर पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी (भाजपा) व कन्हैया कुमार (कांग्रेस), सुल्तानपुर (उत्तर प्रदेश) से मेनका गांधी (भाजपा), अनंतनाग-राजौरी (जम्मू और कश्मीर) से महबूबा मुफ्ती (पीडीपी), तमलुक (पश्चिम बंगाल) से अभिजीत गंगोपाध्याय (भाजपा), करनाल से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, कुरुक्षेत्र से नवीन जिंदल और गुरुग्राम सीट से राव इंद्रजीत सिंह शामिल रहे।

### भाजपा प्रत्याशी पर पथराव

वहीं, झाड़ग्राम लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रणत टुडू पर शनिवार को मतदान के दौरान पश्चिम मेदिनीपुर जिले के गड़बेत्ता के पास पथराव हुआ। इसमें उनकी सुरक्षा में तैनात केंद्रीय बल के दो जवान जखमी हो गए। पथराव में प्रणत की कार का शीशा भी टूट गया। कुछ महिलाओं ने भाजपा प्रत्याशी पर लाठी-डंडों से भी हमला किया था। ऐसे में टुडू ने केंद्रीय बलों के साथ भागकर अपनी जान बचाई।

### अनंतनाग-राजौरी में भी लोकतंत्र का उत्सव

जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट पर शनिवार को बंपर मतदान हुआ। आतंकियों और अलगाववादियों के प्रभाव वाले इस क्षेत्र में वर्ष 1996 का रिकॉर्ड टूट गया और लगभग 52 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदाताओं का यह उत्साह वर्ष 2019 में 9.7 प्रतिशत हुए मतदान से लगभग 42 प्रतिशत अधिक और 1996 में हुए 50.20 प्रतिशत मतदान से भी दो प्रतिशत ज्यादा है। इस दौरान कहीं कोई आतंकी हिंसा नहीं हुई।

### कोलकाता: आज रात से उड़ान सेवाएं निलंबित

# बंगाल तट से आज रात टकरा सकता है तूफान 'रेमल'

**एजेंसी** | कोलकाता



बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव अब चक्रवाती तूफान में बदल गया है। मौसम विभाग के अनुसार, यह चक्रवाती तूफान रेमल के 110-120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से लेकर 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के साथ 26 मई की रात बंगाल और बांग्लादेश के तट से टकरा सकता है। ऐसे में मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। तूफान के कारण कोलकाता हवाई अड्डे पर रविवार आधी रात से 21 घंटे के लिए उड़ान सेवाएं निलंबित रहेंगी। मौसम विभाग ने 26 मई और 27 मई को पश्चिम बंगाल और उत्तरी ओडिशा के तटीय जिलों में अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसके अलावा पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में 27 मई और 28 मई को भारी से भारी वर्षा हो सकती है। तूफान के टकराने के समय समुद्र में 1.5 मीटर ऊंची लहरें उठने की आशंका है जिससे तटीय पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के निचले इलाके डूब सकते हैं।

इस बीच, नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के हितधारकों की शनिवार को हुई बैठक के बाद उड़ानों को निलंबित करने का एहतियाती कदम उठाया गया है।

एनएससीबीआई हवाई अड्डे के निदेशक सी पट्टाभि ने एक बयान में कहा, चक्रवात के प्रभाव से कोलकाता में तेज हवा और भारी बारिश की आशंका के कारण 26 मई को दोपहर 12 बजे से 27 मई को सुबह नौ बजे तक उड़ानों के परिचालन को निलंबित करने का निर्णय लिया गया है।



### एनडीआरएफ की टीमें अलर्ट पर

चक्रवाती तूफान रेमल को लेकर एनडीआरएफ की टीमें अलर्ट पर हैं। एनडीआरएफ के अधिकारी जहीर अब्बास ने बताया कि हम चक्रवाती तूफान को लेकर पूरी तरह से तैयार हैं। अगर तूफान बंगाल में तबाही मचाता है तो हमारे सैनिक हर स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हमारी टीम सभी संसाधनों से सुसज्जित है।

### तकनीक का दुरुपयोग: ऐप के जरिए आवाज बदलकर किया फोन

# स्कॉलरशिप का झांसा देकर 7 छात्राओं से बलात्कार

**एजेंसी** | भोपाल

मध्यप्रदेश के सीधी जिले में 7 आदिवासी छात्राओं से बलात्कार का मामला दर्ज हुआ है। आवाज बदलने वाले मैजिक वॉइस ऐप के जरिए तीन आरोपियों ने कॉलेज छात्राओं को स्कॉलरशिप का झांसा देकर उनके साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में मुख्यमंत्री के निर्देश पर विशेष जांच टीम का गठन किया गया है। एफआईआर के मुताबिक आरोपी ऐप से कॉलेज टीचर बनकर महिला की आवाज में बात करते और स्कॉलरशिप के लिए दस्तावेज मंगवाने के नाम पर छात्राओं को सुनसान जगह में बुलाते थे। जब एक पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की तो मामले की पोल खुली। आईजी महेन्द्र सिकरवार ने कहा कि 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। छात्राओं को स्कॉलरशिप के नाम पर बुलाया गया था। पुलिस ने तत्काल मामले जांच की और एक आरोपी की पहचान की। आरोपी से पूछताछ हुई तो ब्रजेश कुशवाहा नाम बताया, जो मैजिक ऐप के जरिए महिला के आवाज में बात करता था। कुशवाहा ने एक दोस्त के मोबाइल में व्हाट्सऐप ग्रुप से नंबर निकाले और यहीं से उसने इस पूरे वारदात की प्लानिंग की, आरोपी अनपढ़ है। लेकिन, तकनीक को उसने इस गुनाह में अपना भागीदार बना लिया।

आरोपी कुशवाहा रोलिंग मिल में काम करता था। महाराष्ट्र में एक फैक्ट्री में काम के दौरान उसके हाथ जल गए और यही निशान उसकी गिरफ्तारी की वजह बना।

### चुनाव आयोग ने किया साफ: मतदान के आंकड़े जारी करने में देर नहीं

# मतदान के आंकड़ों से नहीं की जा सकती छेड़छाड़: चुनाव आयोग

**एजेंसी** | नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने शनिवार को मतदान के आंकड़े जारी करने की प्रक्रिया पर उच्चतम न्यायाय के निर्णय और टिप्पणियों को शक्ति बढ़ाने वाला करार देते हुए कहा है कि कोई गड़बड़ी की किसी भी तरह की कल्पना कर ले, किसी भी तरह वोटिंग के आंकड़ों से छेड़छाड़ नहीं हो सकती। आयोग ने कहा कि वोटर टर्नआउट डेटा जारी करने में देर नहीं की जाएगी। चुनाव में कितने वोट पड़े, कोई भी इस डेटा को बदल नहीं सकता। आयोग ने दोहराया है कि मतदान के दिन फॉर्म 17 सी के माध्यम से सभी उम्मीदवारों के मतदान एजेंटों के साथ साझा किए गए वोटों के डेटा को कोई नहीं बदल सकता। इसके साथ ही आयोग ने लोकसभा चुनाव के पहले पांच चरण में डाले गए वोटों का डेटा जारी कर दिया है। आयोग ने कहा है कि पहले चरण में कुल कुल मिलाकर 66.14 प्रतिशत, दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत, तीसरे चरण में 65.68 प्रतिशत, चौथे चरण में 69.16 प्रतिशत और पांचवें चरण में 62.20 प्रतिशत मतदान हुआ है।




### फॉर्म 17 सी में होता है हरेक मतदान केंद्र के मतों का रिकॉर्ड

राजवी कुमार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने तो शुक्रवार को अपना जवाब दे दिया, लेकिन हम भी अपना जवाब देंगे और जरूर देंगे। बता दें कि मतदान के आंकड़ों में हेराफेरी किए जा सकने के तर्क को चुनाव आयोग ने खारिज कर दिया। सूत्रों ने कहा कि एक बार फॉर्म 17सी उम्मीदवारों को सौंप दिया जाता है और ईवीएम को स्ट्रॉन्ग रूम में जमा किया जाता है तो आंकड़ों के साथ छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है। फॉर्म 17सी में हरेक मतदान केंद्र पर डाले गए मतों का रिकॉर्ड होता है। यह उम्मीदवारों या उनके एजेंटों को तब दिया जाता है जब ईवीएम को स्ट्रॉन्ग रूम में ले जाने से पहले सील कर दिया जाता है।

### किस चरण में कितना मतदान

| | |
|---|---|
| प्रथत चरण | 66.14% |
| दूसरा चरण | 66.71 % |
| तीसरा चरण | 65.68 % |
| चौथ चरण | 69.16 % |
| पांचवें चरण | 62.20 % |

### J&K में विधानसभा जल्द होंगे

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत से उत्साहित निर्वाचन आयोग बहुत जल्द केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग अपनी सरकार पाने के हकदार हैं। कुमार ने कहा कि संसदीय चुनावों में लोगों की भागीदारी से निर्वाचन आयोग बहुत उत्साहित है। उन्होंने कहा, लोग - युवा, महिलाएं खुशी-खुशी बड़ी संख्या में मतदान के लिए निकल रहे हैं। लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत हो रही हैं, लोग भाग ले रहे हैं।

**संदेह का माहौल बनाने का हो रहा है प्रयास**

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को कहा कि संदेह का माहौल बनाने की कोशिश की जा रही थी। हम निश्चित रूप से सभी के साथ इस पर चर्चा करेंगे। उन्होंने देश की चुनावी प्रक्रिया की अखंडता से जुड़ी चिंताओं को दूर करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि आखिर यहां पर क्या खेल है, संदेह क्यों पैदा किए जा रहे हैं? सवाल भी उठाए जा रहे हैं। हम एक दिन यह सब बताएंगे और दिखाएंगे कि कैसे लोगों को गुमराह किया गया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, आखिर लोगों के मन में कैसे संदेह पैदा होता है? ऐसी बातें होने लगती हैं कि शायद ईवीएम ठीक से काम नहीं कर रही है, शायद मतदान सूची गलत है या शायद मतदान संख्याओं में हेरफेर किया गया है।

**ग्रेंड फिनाले:** मिस राजस्थान के खिताब के लिए फाइनलिस्ट उतरीं मंच पर

# हर्षिका के सिर मिस राजस्थान का ताज
## अर्निका रही फर्स्ट रनरअप तो सेकंड खुशी

**बेधड़क** | जयपुर

जूरी ने जैसे ही विनर की घोषणा की, आंखों से ख्वाबों की उंचाई खुशी के रूप में बह निकली। सामने बैठे परिजन भी भावुक और रोमांचित हो उठे। नजारा था फ्यूजन ग्रुप द्वारा रूवी डिजिटल और आर्या ग्रुप ऑफ कॉलेज के सहयोग से आयोजित मिस राजस्थान के 26वें संस्करण के ग्रेंड फिनाले का। इसमें राज्यभर से 5000 से ज्यादा चेहरों में से चुने गए फाइनलिस्ट मंच पर उतरे। ऐसे में टॉप 28 गर्ल्स ने अपने ख्वाबों को पंख देते हुए उड़ान भरी। फिनाले में हर्षिका बत्रा को मिस राजस्थान-2024 का ताज पहनाया गया। फर्स्ट रनरअप अर्निका जैन, सेकंड रनरअप खुशी बेलावाला, थर्ड रनरअप सौम्या जोशी व फोर्थ रनरअप तन्नू पायल के साथ फिफ्थ रनरअप डिंपल हरचंदानी तथा सिक्स्थ रनर अप ज्योति शेखावत रहीं।

इस मौके पर अतिथियों के रूप में सुरेश मिश्रा, पवन गोयल, रूवी डिजिटल से आलोक शर्मा, जेडी माहेश्वरी, डॉक्टर पूजा अग्रवाल, राहुल भाटिया, हुकुम सिंह कुंपावत, निर्मला सेवानी, अतुल शर्मा, सुरेंद्र कालरा, पार्क ओसियन से संदीप जैन, अंशुल जैन, वासु जैन, कीर्ति जैन मौजूद रहे।



फोटो: पंकज शर्मा








### 28 सब टाइटल्स से बढ़ाया उत्साह

फिनाले में सिर्फ विनर कैटेगरी ही नहीं, बल्कि 28 सब टाइटल्स भी दिए गए, जिससे सभी का मनोबल बढ़ाया जा सके।

### ग्रेंड फिनाले की यह रही जूरी

ग्रांड जूरी में डॉक्टर अरविंद अग्रवाल, मुकेश मिश्रा, राज बंसल, आंचल बोहरा, मिताली कौर, प्रियन सेन, ऐश्वर्या पट्टापटी, भावना वैष्णव आदि रहे। आयोजक योगेश व निमिशा मिश्रा ने बताया कि ग्रैंड फिनाले मे रनिंग क्वीन वैष्णवी शर्मा की फेयरवेल वॉक से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। टॉप 28 मॉडल्स ने रेम्प पर पहले राउंड मे निवारा कॉलेज ऑफ डिजाइनिंग के आउटफिट्स पहनकर ओपनिंग एक्ट किया। उनमें से चुनी गयी 14 मॉडल्स ने अगले राउंड मे मंदाकिनी के डिजाइनर प्रशांत कुमार पोद्दार का सेमिब्राइडल कलेक्शन लॉन्च किया। वहीं, मेकअप और मेकोवर दीवा और डेबोनेयर की मीनाक्षी सोलंकी ने किया।

## 'आधी रात के बाद' का मंचन



**बेधड़क. जयपुर।** नाट्य संस्था इप्टा के 81वें स्थापना दिवस पर रवींद्र मंच पर नाटक आधी रात के बाद का मंचन किया गया। अध्यक्ष व इप्टा वरिष्ठ रंगकर्मी संजय विद्रोही ने बताया कि देश के सभी राज्यों में कुल इप्टा की तीन हजार से अधिक यूनिट्स हैं। हर वर्ष हर यूनिट 25 मई को "स्थापना दिवस को जन संस्कृतिक दिवस के रूप हर राज्य में मनाती है। शंकर शेष द्वारा लिखित नाट्य रचना आधी रात के बाद में कई सामाजिक मुद्दों पर रोचक तरीके से प्रहार किया। प्रस्तुति में एक चोर जज को बाहर की सच्चाई से रूबरू कराता है, जो अदालत तक नहीं पहुंच पाती है। सामाजिक मुद्दे भू अधिग्रहण, काला बाजारी, गरीबी, न्याय व्यवस्था आदि पर व्यंग किया।

## यादों की बारात का पोस्टर लॉन्च



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर कल्चरल सोसायटी का यादों की बारात कार्यक्रम 4 अगस्त को महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम होगा। इसके पोस्टर विमोचन शनिवार को किया गया। जेसीएस अध्यक्ष कंचन आनंद ने बताया कि इस मौके पर सिंगर कैलाश सोलंकी, दामोदर तोषनीवाल, पंकज परनामी, विक्रम सिंह तोमर किंग्सवे फाउंडर डायरेक्टर, फोटोग्राफर राजदीप सैनी, होटल मिस्टिक फॉल्स मैनेजर राकेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

## 'गेम ऑफ थ्रोन्स' थीम पर गेट टू गेदर



**बेधड़क. जयपुर।** लेडीज ने 'गेम ऑफ थ्रोन्स' थीम के साथ एंजॉय किया और गेट टू गेदर में शामिल हुईं। एफबीएस फाउंडर मेघा गुप्त ने बताया कि थीम 'गेम ऑफ थ्रोन्स' का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को अपनी अनूठी पहचान में रानी बनने के लिए प्रोत्साहित करना था। प्राची खंडेलवाल और वैशाली मोदी की मदद से सभी महिला उद्यमियों का परिचय सत्र हुआ। डॉ. ऋचा शर्मा, राखी खंडेलवाल और तरंग अग्रवाल ने नेटवर्किंग एंड गेम्स का प्रबंधन किया और सोशल मीडिया और क्रिएटिव्स का कार्य दीक्षा गुप्ता ने संभाला। क्वींस के लिए फोटो बूथ खाटीवाल प्रोडक्शंस ने बताया तो ज्योतिमा अग्रवाल ने केक्स से सबका मन मोहा। वहीं, लाइव परफॉर्मेंस खास रहीं। डॉ. कीर्ति ने गर्मी से बचाव के उपाए बताए। इस मौके पर सलोनी गुप्ता, डॉ. तस्य रक्षिता, जूही अहलूवालिया, अमिता मकुआना, आस्था समरिया गुप्ता, श्वेता तातीवाला, कीर्ति जैन आदि ने टिप्स लिए।

# City इवेंट्स

## नारद जयंती पर पत्रकारों का सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** वीएसके फाउंडेशन की ओर से शनिवार को मालवीय नगर स्थित नारद सभागार में देवर्षि नारद जयंती और पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम ने कहा कि संघ का उद्देश्य समाज निर्माण है और इसके लिए शत प्रतिशत समाज को देशहित में साथ लेना संघ का उद्देश्य है। इसलिए हम किसी को विरोधी नहीं मानते। समारोह की शुरुआत भाव-सुरताल समूह की ओर से नृत्य नाटिका की प्रस्तुति से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिवलभ मेघवाल ने देवर्षि नारद की टीवी सीरियल्स में दिखाई चुगली करने वाले देव की छवि से हट कर एक सूचना सहायक के रुप में प्रकट की। वीएसके फाउंडेशन के डायरेक्टर डॉ. ईश्वर बैरागी ने कहा कि पत्रकार जगत में देवर्षि नारद को आदि पत्रकार माना जाता है। कार्यक्रम में प्रिंट मीडिया में वरिष्ठ पत्रकार पकंज सोनी व न्यू मीडिया में उमंग माथुर को सम्मानित किया गया। आंचलिक पत्रकारिता के लिए राधेश्याम तिवारी और राजकुमार जैन को संयुक्त पुरस्कार दिया गया। वीएसके फाउंडेशन की डायरेक्टर डॉ. शुचि चौहान सहित वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रबुद्धजन मौजूद रहे। फाउंडेशन के डायरेक्टर अभिषेक अग्रवाल ने आभार प्रकट किया।

## एंबेसडर नियुक्त होने पर टाक का सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** स्वामी विवेकानंद वर्चुअल राष्ट्रीय पुरस्कार से वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर विष्णु टांक को समानित किया गया। टांक पिछले 7 वर्षों से कई मैराथन दौड़ में भाग ले चुके हैं। इनके नाम कई अवॉर्ड और पुरस्कार हैं। साथ ही कई विश्व रिकॉर्ड धारक का खिताब मिल चुका है। गौरतलब है, कि उन्होंने लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, इंटरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड जैसे संगठनों से 4 रिकॉर्ड धारक खिताब हासिल किए हैं। साथ ही अब तक 140 हाफ वर्चुअल मैराथन पूरी करने के बाद भी दौड़ने का जुनून जारी है। सराहनीय कार्य को देखते हुए शक्ति फिल्म प्रोडक्शन ने स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुरस्कार-2024 के वर्चुअल आयोजन के लिए टाक को ब्रेंड एंबेसडर नियुक्त किया है। प्रोड्यूसर अंबालिका शास्त्री ने एंबेसडर नियुक्त होने पर सम्मान किया।

**श्रमण संस्कार शिक्षण शिविर में पाठ्योत्तर गतिविधियां**

## विदुषियों ने करवाया अरहम योग खेली अंताक्षरी... लक आजमाया



**बेधड़क** | जयपुर

जनकपुरी-ज्योतिनगर जैन मंदिर में संत श्री सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में चल रहे श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर में विदुषियों द्वारा पाठ्यक्रम के साथ-साथ पाठ्योत्तर गतिविधियां कराई गई।

प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि शनिवार को शाम को विदुषी नेन्सी, प्रिंसी, आराध्या व सौम्या द्वारा अरहम योग कराया व सिखाया गया। इसके बाद विद्यार्थियों को अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय व साधु ग्रुप अनुसार बैठाकर अंताक्षरी के पांच अलग-अलग राउंड, सामान्य राउंड, शब्द पकड़ो, लक राउंड, हाजिर जबाब व सही बताओ... इनाम पाओ कराए गए।

इसके पूर्व प्रातः मंगल प्रार्थना के बाद दीप प्रज्वलन कैलाश बिंदायक्या व अनिता बिंदायक्या परिवार द्वारा किया गया। इधर, दुर्गापुरा के श्री चन्द्रप्रभू दिगम्बर जैन मंदिर में मंदिर कमेटी व त्रिशला संभाग दुर्गापुरा के तत्वावधान में चल रहे शिविर का मुख्य अतिथि राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन व प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने अवलोकन किया।

इस मौके पर राजेन्द्र काला, जय कुमार जैन, भाग चंद पाटनी, चंदा सेठी, रेणू पाण्डया, संयोजक रेखा पाटनी, ऋतु चांदवाड, संगीता काला अमिता अजमेरा, रिंकू सेठी आदि ने दोनों अतिथियों का स्वागत किया। सभी शिविरार्थियों को उपहार देकर पुरस्कृत किया गया।

**टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी स्टेक होल्डर्स एक मंच पर**

## टूरिज्म को बढ़ावा देने में योगदान करने वालों को किया सम्मानित



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर से जुड़े स्टेक होल्डर्स ने जयपुर में वेस्टा इंटरनेशनल में एक छत के नीचे आए। इस दौरान पर्यटन क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वालों को सम्मानित किया गया। एसोसिएशन ऑफ डोमेस्टिक टूर ऑपरेटर्स ऑफ इंडिया (एडीटीओआई) के बैनर तले हुए टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी मीट में एडीटीओआई राजस्थान सचिव वीरेन्द्र शेखावत ने कहा कि ये वे लोग हैं, जिन्होंने प्रदेश के पर्यटन को ऊंचाई दी है। मीट में पर्यटन सेक्टर में आने वाली चुनौतियों और समाधान पर चर्चा की गई। एफएचटीआर और एचआरएआर प्रेसिडेंट कुलदीप सिंह चंदेला, एफएचटीआर वाइस प्रेसिडेंट खालिद खान, राटो प्रेसिडेंट और आईएटीओ राजस्थान को-चेयरमैन महेन्द्र सिंह, राटो सेक्रेटरी मोहन सिंह मेड़तिया, राटो और एफएचटीआर एग्जिक्यूटिव कमेटी मेंबर राजेन्द्र सिंह जोधा, नेशनल ग्रोथ कमिटी एडवाइजर संजय कौशिक को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया। वीरेन्द्र शेखावत ने बताया कि मीट में एडीटीओआई प्रेसिडेंट पी. पी खन्ना, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट रजत साहनी, वाइस प्रेसिडेंट आशीष सहगल, जनरल सेक्रेटरी दलीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष वेद खन्ना, जॉइंट सेक्रेटरी मनोज वार्ष्णेय, एडीटीओआई, राजस्थान चेयरमैन हेम सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार व एडीटीओआई राजस्थान, 5 गाइड एसोसिएशन, फोरम, आईएचएचए मैंबर्स मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** 'सोल ऑफ सिंफनी' में हुआ परंपरा और आधुनिकता का संगम

# पियानो पर छलकी सीता की व्याकुलता और राम का विरह

**बेधड़क** | जयपुर

ग्रैंड पियानो पर सीता की व्याकुलता, राम के विरह और रावण की विवशता को दर्शाते भजनों ने भावुकता और रोमांच के पल पैदा किए। हर कोई अपने भावों को दर्शाता या रोकता नजर आया। ये भावुक और आत्मिय नजारा था महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम का, जहां एक ओर जयपुर की युवा पीढ़ी ने पियानो वाद्य पर रोमांटिक और दिलकश धुनें बजाईं तो वहीं रवीन्द्र उपाध्याय, डॉ. गौरव जैन, रिनी चंद्रा और हनी टूपर जैसे कलाकारों ने इसी वाद्य की धुन पर रामायण के प्रसंगों को जीवंत कर परिवेश को 'परंपरा' और 'आधुनिकता' के रंग मे रंगा। 'सोल ऑफ सिंफनी' पियानो कंजार्वेट्री की ओर से आयोजित सालाना कंसर्ट 'हार्मनी' कार्यक्रम संयोजक और ट्रिनिटी इंस्टीट्यूट निदेशक प्रदीप चतुर्वेदी और मणि चतुर्वेदी ने बताया कि संगीत जगत में पियानो अभी तक केवल रोमांटिक धुनों और गानों के लिए जाना जाता रहा है। यह पहला मौका है, जब इस वाद्य पर संगीत प्रेमियों को आध्यात्मिक अनुभूति कराई गई।



### रामायण के प्रसंगों की प्रस्तुति

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण यशस्वनी चतुर्वेदी के निर्देशन में दो ग्रैंड पियानो पर पेश की गई सीता की व्याकुलता, राम के विरह और रावण की विवशता को दर्शाते भजन रहे। इसके बाद रवीन्द्र उपाध्याय, डॉ. गौरव जैन, रिनी चंद्रा और हनी टूपर की आवाज में पियानो की धुन पर रामायण के प्रसंगों की प्रस्तुति हुईं। इन प्रसंगों में भजन 'कभी कभी भगवान को भी भक्तों से काम पड़े' से केवट प्रसंग, मेरी झोपड़ी के भाग खुले, राम आएंगे तो मैं अंगना सजाउंगी से शबरी प्रसंग, चर्चित भजन जैसे सूरज की गर्मी से तपते हुए तन को मिल जाए तरुवर की छाया से राम हनुमान मिलन के प्रसंग को जीवंत किया गया। समारोह के दौरान सोल ऑफ सिंफनी निदेशक प्रदीप मणि चतुर्वेदी ने कंसर्ट के मुख्य अतिथि संगीत गुरू पंडित कुंदनमल शर्मा को शॉल ओढ़ाकर और तुलसी पौधे के साथ स्वागत किया। वहीं, सोल ऑफ सिंफनी के एलुमिनाई विकास बगला को प्रतीक चिन्ह पेश किया गया।

मनुष्य जितना सोचता है उससे कहीं ज्यादा नैतिक है, और वो इतना अनैतिक है कि वो उसकी कल्पना भी नहीं कर सकता।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप




### युद्धाभ्यास खत्म होते ही गरजा चीन

# ताइवान को चीन में मिलाने तक जारी रहेगी सैन्य कार्रवाई

**एजेंसी** | ताइपे/बाजिंग

ताइवान में नए राष्ट्रपति के शपथ लेने के 4 दिन बाद चीन ने ताइवान को जंग की धमकी दी है। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वू कियान ने कहा है कि जब तक ताइवान चीन का हिस्सा नहीं बन जाता, इलाके में मिलिट्री एक्शन जारी रहेगा।

दरअसल, चीन ने शुक्रवार को ही ताइवान के घेरकर चल रही अपनी 2 दिवसीय मिलिट्री ड्रिल पूरी की। इस युद्धाभ्यास में चीन की तीनों सेनाएं (थलसेना, वायुसेना, नौसेना) शामिल हुई थी। इस युद्धाभ्यास को ताइवान के लिए सजा के तौर पर शुरू किया गया था।

ताइवान में नए राष्ट्रपति के चुनाव से गुस्से में चीन

ताइवान में इसी साल राष्ट्रपति पद के चुनाव हुए। इसमें चीन विरोधी नेता विलियम लाई चिंग ते को जीत हासिल हुई। चुनाव से पहले चीन ने ताइवान को चेतावनी दी थी कि अगर वहां की जनता ने सही विकल्प नहीं चुना तो उन्हें इसकी सजा दी जाएगी। 20 मई को लाई चिंग ते के शपथ ग्रहण समारोह के 2 दिन बाद चीन ने अपनी मिलिट्री ड्रिल शुरू की थी।

इस दौरान चीन की सेना ने कसम खाई थी कि वह ताइवान में आजादी की मांग करने वालों का खून बहा देंगे। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि लाई चिंग ते वन-चाइना पॉलिसी के लिए बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं। वे ताइवान के लोगों को जंग और तबाही की तरफ धकेल रहे हैं।



### चीन के 111 एयरक्राफ्ट, दर्जनों जहाजों और भारी गोला-बारूद के साथ की ताइवान पर कब्जे की प्रैक्टिस

23-24 मई को हुई चीन की मिलिट्री ड्रिल को 'जॉइंट स्वॉर्ड-2024A' नाम दिया गया था। इसके तहत चीन के करीब 111 एयरक्राफ्ट और नौसेना के दर्जनों जहाजों ने ताइवान पर कब्जे की प्रैक्टिस की थी। इस दौरान उन्होंने ताइवान के उन हिस्सों पर हमले की भी तैयारी की थी, जहां से ताइवान चीन को रोकने की कोशिश कर सकता है। इससे पहले चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने भी कहा था कि ताइवान में जो लोग आजादी चाहते हैं, उनके सिर कट जाएंगे। अगर वे चीन के इरादे से टकराएंगे, तो द्वीप में सिर्फ खून-खराबा होगा। चीन के युद्धाभ्यास का मकसद एक साथ पूरे ताइवान पर कब्जे की तैयारी करना था। इससे पहले पिछले साल भी चीन ने ताइवान के पास ऐसा ही सैन्य अभ्यास किया था। यह ड्रिल तब हुई थी, जब ताइवान के तत्कालीन उपराष्ट्रपति लाई चिंग ते अमेरिका के दौरे पर गए थे।

### बाइडेन कुछ नरम नजर आ रहे

राष्ट्रपति जो बाइडेन फिलहाल इस पॉलिसी से बाहर जाते दिख रहे हैं। उन्होंने कई मौकों पर कहा है कि अगर ताइवान पर चीन हमला करता है तो अमेरिका उसके बचाव में उतरेगा। बाइडेन ने हथियारों की बिक्री जारी रखते हुए अमेरिकी अधिकारियों का ताइवान से मेल-जोल बढ़ा दिया है। इसका असर ये हुआ कि चीन ने ताइवान के हवाई और जलीय क्षेत्र में अपनी घुसपैठ आक्रामक कर दी है। NYT में अमेरिकी विश्लेषकों के आधार पर छपी रिपोर्ट के मुताबिक चीन की सैन्य क्षमता इस हद तक बढ़ गई है कि ताइवान की रक्षा में अमेरिकी जीत की अब कोई गारंटी नहीं है। चीन के पास अब दुनिया की सबसे बड़ी नौसेना है और अमेरिका वहां सीमित जहाज ही भेज सकता है।

### अमेरिका-चीन के रिश्तों में ताइवान बड़ा फ्लैश पॉइंट

अमेरिका ने 1979 में चीन के साथ रिश्ते बहाल किए और ताइवान के साथ अपने डिप्लोमैटिक रिश्ते तोड़ लिए। हालांकि चीन के ऐतराज के बावजूद अमेरिका ताइवान को हथियारों की सप्लाई करता रहा। अमेरिका भी दशकों से वन चाइना पॉलिसी का समर्थन करता है, लेकिन ताइवान के मुद्दे पर अस्पष्ट नीति अपनाता है।

### चीन ने कब्जा किया तो..

अगर चीन ने ताइवान पर कब्जा कर लिया तो पश्चिमी प्रशांत महासागर में अपना दबदबा दिखाने लगेगा। इससे गुआम और हवाई द्वीपों पर मौजूद अमेरिका के मिलिट्री बेस को भी खतरा हो सकता है।



### अपने ही रुख से मुइज्जू का यू टर्न... पहले बनाई दूरियां

# अब भारत का ले रहे सहारा

**एजेंसी** | मॉरिशस



भारत के साथ बिगड़ते संबंध के बीच मालदीव ने एक बड़ा कदम लेने का फैसला किया है। चीन के पिछलग्गू मोहम्मद मुइज्जू की सरकार ने फैसला लिया है कि वे जल्द ही अपने देश में भारत का रुपे कार्ड सिस्टम शुरू करेंगे। इससे मालदीव की मुद्रा को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। यह कदम ऐसे समय उठाया जा रहा है जब मालदीव और भारत बीच द्विपक्षीय संबंध थोड़ा असहज है।

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) का रुपे भारत में वैश्विक कार्ड भुगतान नेटवर्क में शामिल पहला कार्ड है। इसे भारत में एटीएम, समान की खरीद-बिक्री में भुगतान करने और ई-कॉमर्स वेबसाइट पर व्यापक स्वीकृति प्राप्त है। आर्थिक विकास और व्यापार मंत्री मोहम्मद सईद ने भारत के रुपे सेवा शुरू किये जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भारत और चीन द्विपक्षीय व्यापार में स्थानीय मुद्रा का उपयोग करने पर सहमत हुए हैं। सईद ने सरकारी समाचार चैनल से कहा, 'भारत की रुपे सेवा की शुरूआत से मालदीव की रुफिया (एमवीआर) को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।'

### भारतीय सैनिकों के लौटते ही मुश्किल में

बीते दिनों मालदीव के रक्षा मंत्री घासन मौमून ने स्वीकारा है कि भारतीय सैनिकों की वापसी से मालदीव को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। रक्षा मंत्री घासन मौमून ने स्वीकार किया है कि उनकी सेना के पास भारत द्वारा दान में दिए गए तीन विमानों को उड़ाने के लिए सक्षम पायलट नहीं हैं। मालदीव की दयनीय स्थिति को देख भारत का दिल पसीजा। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सैन्य विमान और हेलीकॉप्टर उड़ाने के लिए मालदीव के पायलटों को ट्रेनिंग देने के लिए तैयार है।

### रुपे का इस्तेमाल करेगा मालदीव

उन्होंने यह भी कहा कि डॉलर के मुद्दे का निपटान करना और स्थानीय मुद्रा को मजबूत करना मौजूदा सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। हालांकि उन्होंने रुपे सेवा शुरू किए जाने के लिए किसी तारीख की घोषणा नहीं की। समाचार पोर्टल कॉरपोरेट मालदीव्स डॉटकॉम ने पिछले सप्ताह सईद के हवाले से कहा था कि कार्ड का उपयोग मालदीव में रुपए में लेनदेन के लिए किया जाएगा। मंत्री ने कहा, 'हम वर्तमान में रुपये में भुगतान की सुविधा के रास्ते तलाशने के लिए भारत के साथ चर्चा कर रहे हैं।'

### भारतीय ड्राइवर को कनाडा छोड़ने का आदेश


**ओटावा**। कनाडा ने एक भारतीय मूल के ट्रक ड्राइवर को भारत निर्वासित करने का आदेश दिया है। जूनियर आइस हॉकी टीम को ले जा रही बस के साथ 2018 में हुई भीषण दुर्घटना में 16 लोगों की जान चली गई थी। इस दुर्घटना के लिए जिम्मेदार भारतीय लॉरी चालक को कनाडा से निर्वासन के आदेश जारी किया गया है। भारतीय मूल जसकीरत सिंह सिद्धू को खतरनाक तरह से वाहन चलाने और दुर्घटना को अंजाम देने के लिए आठ साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। हालांकि उन्हें पिछले साल वह पूर्ण पैरोल पर रिहा किया गया था।

### धरती की आबादी का टेंशन खत्म!

# खोजा इंसानों के लिए नया ग्रह

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

वैज्ञानिकों ने नासा के नासा के अंतरिक्ष दूरबीन का उपयोग करके एक आकर्षक दुनिया की खोज की है। यह पृथ्वी के आकार के बराबर है, हमारे सौर मंडल के काफी करीब है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि इस ग्रह पर जीवन की संभावना हो सकती है। इस नए संभावित ग्रह को **ग्लिसे 12 बी** के नाम से जाना जाता है, जो वैज्ञानिकों की भाषा में एक्स्ट्रासोलर ग्रह या एक्सोप्लैनेट है। ग्लिसे 12 बी एक छोटे और ठंडे लाल बौने तारे की परिक्रमा करता है जो पृथ्वी से लगभग 40 प्रकाश वर्ष दूर मीन राशि में स्थित है। ग्लिसे 12 बी में 12.8 दिन जितना एक साल



### ऐसे की गई यह खोज

ग्लिसे 12 बी एक्सोप्लैनेट की खोज नासा के ट्रांजिटिंग एक्सोप्लेनेट सर्वे सैटेलाइट (टीईएसएस) के जरिए की गई है। इस एक्सोप्लैनेट की चौड़ाई पृथ्वी से लगभग 1.1 गुना होने का अनुमान है। यह चौड़ाई इस एक्सोप्लैनेट को हमारे ग्रह के साथ-साथ शुक्र के समान बनाता है, जिसे पृथ्वी की जुड़वा बहन कहा जाता है। ग्लिसे 12 बी अपने तारे, ग्लिसे 12 की इतनी करीब से परिक्रमा करता है कि उसका वर्ष केवल 12.8 पृथ्वी दिनों तक रहता है। हालाँकि, क्योंकि लाल बौना ग्लिसे 12 सूर्य के आकार का लगभग एक चौथाई है, यह हमारे तारे की तुलना में बहुत ठंडा भी है।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl